

सत्ता के संरक्षण में हो रहा पेपर लीक 2


प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा बयान

# दो वर्ष में पूरी तरह खत्म होगा वामपंथी उग्रवाद




- वामपंथी उग्रवाद पर आयोजित समीक्षा बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री समेत विभिन्न राज्यों के सीएम व मंत्रियों ने लिया हिस्सा
- शाह बोले- नक्सलवाद मानवता के लिए अभिशाप, हम इसे इसके सभी स्वरूपों में उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को वामपंथी उग्रवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष में देश से वामपंथी उग्रवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमित शाह ने यह भी कहा कि वर्ष 2022 में पिछले चार दशकों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा और मौतों की सबसे कम घटनाएं हुईं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि दो वर्ष में देश से वामपंथी उग्रवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा, नक्सलवाद मानवता के लिए अभिशाप है और हम इसे इसके सभी स्वरूपों में उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### वामपंथी उग्रवाद की हिंसा में लगातार आई है कमी

अधिकारियों ने कहा कि नक्सल प्रभावित राज्यों में हिंसक घटनाओं में 2010 के मुकाबले 2022 में 77 प्रतिशत की कमी आई है। समीक्षा बैठक में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और झारखंड के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी बैठक में भाग लिया। इनके अलावा ओडिशा, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राज्य के मंत्रियों ने किया। अधिकारियों ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में देश में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से संबंधित सुरक्षा स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। केंद्र सरकार ने 2015 में एलडब्ल्यूई से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना को मंजूरी दी थी। अधिकारियों ने कहा कि नीति में एक बहु-आयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है जिसमें सुरक्षा संबंधी उपाय, विकास संबंधी कामकाज, स्थानीय समुदायों के अधिकार और हकदारी सुनिश्चित करना आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस नीति के लगातार कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप देश भर में वामपंथी उग्रवाद की हिंसा में लगातार कमी आई है।

**2014 से 2023 तक हुई 7,649 घटनाएं:** वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसक घटनाओं की संख्या में 2010 के मुकाबले 2022 में 77 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2010 की तुलना में 2022 में सुरक्षा बलों और नागरिकों की मौतों की संख्या में भी 90 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2004 से 2014 तक, वामपंथी उग्रवाद से संबंधित 17,679 घटनाएं हुईं और 6,984 मौतें हुईं। इसके विपरीत, 2014 से 2023 तक (15 जून 2023 तक) वामपंथी उग्रवाद से संबंधित 7,649 घटनाएं हुई हैं और 2,020 मौतें हुई हैं।

## ईडी की रडार पर हैं 8 पार्टियों के बड़े नेता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर विपक्षी दलों ने सवाल उठाया है। इंडिया गठबंधन के नेताओं का आरोप है कि विपक्ष के बड़े नेताओं को लोकसभा चुनाव से पहले जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है, ताकि चुनाव में इसका फायदा लिया जा सके। इंडिया गठबंधन के कम से कम 8 पार्टियों के बड़े नेता अभी ईडी के रडार पर हैं। 5 राजनीतिक पार्टियों के तो नंबर-2 के नेता शामिल हैं, जिनमें तृणमूल के अभिषेक बनर्जी, जेएमएम के हेमंत सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, एनसीपी (शरद) के जयंत पाटील के नाम प्रमुख हैं। कांग्रेस के सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी ईडी जांच के घेरे में हैं। लोकसभा चुनाव से पहले ईडी की कार्रवाई विपक्षी पार्टियों की टेंशन बढ़ी हुई है।

## एशियन गेम्स में भारत ने रचा इतिहास, जापान को हरा जीता गोल्ड



**भारतीय हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन:** भारतीय हॉकी टीम ने हांगझोउ एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने गत चैम्पियन जापान को 5-1 से हराया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सबसे ज्यादा दो गोल किए। वहीं मनप्रीत सिंह, अभिषेक और अमित रोहिदास ने एक-एक गोल दागा। जापान की ओर से इकलौता गोल सेरेन तनाका ने किया। इस जीत के साथ ही भारतीय हॉकी टीम ने अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल कर लिया है। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से लेकर 11 अगस्त तक खेला जाएगा। भारतीय टीम ने एशियन गेम्स में चौथी बार स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले उसने 1966, 1998 और 2014 में भी स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा भारतीय हॉकी टीम ने 9 रजत और 3 कांस्य भी जीते हैं। भारत-जापान के बीच 2013 के बाद 28 बार मुकाबला हुआ है, जिसमें से 23 मैच भारत ने जीते। जबकि जापान ने तीन मैच जीते और दो ड्रॉ रहे।

## सिक्किम में बाढ़ से 40 से ज्यादा मौतें, 6000 लोग अब भी फंसे

- राज्य सरकार ने एक और ग्लेशियल लेक के फटने को लेकर जारी की चेतावनी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

उत्तर-पूर्वी राज्य सिक्किम में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने तबाही मचाई हुई है। इस भीषण बाढ़ में अब तक 40 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इस बाढ़ में फंसे हजारों लोगों को अब सेना ने हेलीकॉप्टर की मदद से बचाने की योजना बनाई है। बाढ़ के बढ़ते प्रकोप के चलते सिक्किम सरकार ने एक और ग्लेशियल लेक के फटने को लेकर चेतावनी जारी की है। साथ ही सिक्किम घूमने आने वाले पर्यटकों को लेकर भी खास एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने टूरिस्ट से आग्रह किया है कि वो हो सके तो अपनी यात्रा के प्लान को कुछ समय बाद बनाएं।

सरकार ने आगाह किया है कि बाढ़ की वजह से सेना के कैंप से विस्फोटकों और गोला-बारूद के बह जाने के खतरे का अंदेशा है। इस कारण और सुरक्षा लिहाज से अपने यात्रा प्लान को फिलहाल विलंब से शुरू करें। सिक्किम प्रशासन ने लाचेन के पास शाको चो झील के फटने के खतरे की संभावना जताई है। इस अंदेशे के चलते प्रशासन ने आसपास रहने वाले लोगों को क्षेत्र से निकालने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

सिक्किम के मुख्य सचिव विजय भूषण पाठक का कहना है कि लाचेन और लाचुंग में करीब 3,000 से ज्यादा लोग फंसे हुए हैं। इतना ही नहीं अक्सर एडवेंचर का शौक रखने वाले बाइकर्स भी बड़ी संख्या में फंस गए हैं। इनकी संख्या करीब 3,150 है। सीएस पाठक का कहना है कि आर्मी और एयरफोर्स हेलीकॉप्टरों की मदद से सभी को निकालने का प्रयास कर रही है।

## दिवाली के बाद से दिसंबर के दूसरे हफ्ते तक हो सकते हैं पांच राज्यों में चुनाव

- छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मिजोरम व तेलंगाना में होना है चुनाव
- इन राज्यों में 15 दिसंबर से पहले हो सकती है मतगणना

**एजेंसी/नई दिल्ली**

इस साल पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव कराने को लेकर चुनाव आयोग ने संभावित प्लान बनाकर तैयार कर लिया है। छत्तीसगढ़ में 2 और राजस्थान, मध्य प्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में एक-एक चरण में मतदान हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक नवंबर में दिवाली के बाद से दिसंबर के दूसरे हफ्ते तक पांचों राज्यों में मतदान सम्पन्न कराने की योजना है। वहीं, इन सभी राज्यों में 15 दिसंबर से पहले मतगणना हो सकती है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की मुहर के बाद चुनाव कार्यक्रम को अंतिम मंजूरी दी जाएगी और फिर इसके बाद घोषणा की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक पांच राज्यों में चुनाव की तारीखें अलग-अलग हो सकती हैं लेकिन वोटों की गिनती एक साथ होगी। खास बात यह है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को अखबारों में विज्ञापन देकर अपने आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में बताना होगा।

### चुनाव आयोग ने लिया तैयारियों का जायजा

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से पहले, चुनाव आयोग ने राजस्थान, मिजोरम, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में चुनाव तैयारियों का जायजा लिया है। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को अपने पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की।

### किस राज्य में कब खत्म हो रहा कार्यकाल

मिजोरम की विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को खत्म हो रहा है। बीजेपी की सहयोगी मिजो नेशनल फ्रंट पूर्वोत्तर राज्य में सत्ता में है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। तेलंगाना में के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति सत्ता में है, जबकि मध्य प्रदेश में बीजेपी का शासन है। वहीं छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें हैं।



**बीआरएस के दो नेता कांग्रेस में शामिल:** मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति को शुक्रवार को झटका लगा है। बीआरएस के दो नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। खानपुर से विधायक अजमीरा रेखा ने पार्टी छोड़ दी। वहीं विधानपरिषद सदस्य कासिरेड्डी नारायण रेड्डी कांग्रेस में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में शामिल हो गए।

## पोर्टल पर साप्ताहिक स्टॉक बताएंगे उप्र के दाल कारोबारी

- दालों की जमाखोरी रोकने तथा मूल्य वृद्धि को लेकर योगी सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में दालों की जमाखोरी को रोकने तथा मूल्य वृद्धि को लेकर योगी सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग के आला अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से घोषित संशोधित स्टॉक लिमिट को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए दाल के कारोबारियों का निरीक्षण एवं सत्यापन कराया जाए। इसके अलावा जो व्यापारी अभी तक पोर्टल पर रजिस्टर्ड नहीं है, उनका तत्काल रजिस्ट्रेशन कराया जाये। वहीं शासन की ओर से निर्देश दिया गया है कि सभी दाल के कारोबारियों से निर्धारित पोर्टल पर साप्ताहिक स्टॉक की घोषणा करायी जाए।

विभाग के अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि सरकार से मिले निर्देश में प्रदेश में कार्यरत डीलर, इम्पोर्टर, मिलर, स्टॉकिस्ट व ट्रेडर से भारत सरकार के पोर्टल fcainfoweb.nic.in/psp पर रजिस्ट्रेशन कराते हुये उनसे साप्ताहिक (प्रत्येक शुक्रवार) स्टॉक की घोषणा कराने हेतु समय-समय पर डीएम से अनुरोध किया गया है।अद्यतन स्थिति के अनुसार केंद्र सरकार के पोर्टल पर कुल 1,878 दाल के कारोबारी पंजीकृत हैं, जिनके द्वारा समस्त दालों को मिलाकर 138442 मी0टन स्टॉक की घोषणा की गयी है, जिसमें तूर दाल का स्टॉक 24686 मी0 टन, उरद दाल का स्टॉक 16376 मी0 टन एवं मसूर दाल का स्टॉक 39150 मी0 टन घोषित किया गया है।

**जल्द रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश:** दरअसल, उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर 04, अमरोहा 04, कन्नौज 05, कासगंज 06, श्रावस्ती 06, फर्रुखाबाद 07, इटावा 07, अमेठी 09, मैनपुरी 09 एवं सुल्तानपुर में 09 रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर हुए हैं। इन जनपदों में पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जल्द कराने के निर्देश दिए हैं।

### योगी सरकार ने तैयार किया रोड मैप, पर्यटन विभाग ने हाल ही में प्रस्तुत किया विस्तृत प्रेजेंटेशन

## महाकुंभ से पहले प्रयागराज के द्वादश माधव मंदिरों का होगा कायाकल्प

- मुगल और ब्रिटिश काल में द्वादश माधव मंदिरों को पहुंचाया गया भारी नुकसान
- आजादी के बाद भी किसी सरकार ने द्वादश माधव मंदिरों की नहीं ली थी सुध

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन की असीम संभावनाओं वाला राज्य है। काशी, मथुरा, अयोध्या, नैमिषारण्य, चित्रकूट, गोरखपुर, विंध्याचल और प्रयागराज दुनियाभर में फैले सनातनियों की आस्था के केंद्रबिंदु हैं। हाल के वर्षों में प्रदेश में धार्मिक पर्यटन एक बड़े सेक्टर के रूप में उभरा है। इससे प्रदेश की आय तो बढ़ ही रही है, साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन भी हो रहा है। योगी सरकार राज्य के प्रमुख तीर्थस्थलों में मूलभूत सुविधाओं के विकास और विस्तार के कार्य में जुटी हुई है। इसी कड़ी में अब प्रयागराज के द्वादश माधव मंदिरों का भी कायाकल्प होने जा रहा है।

### 125 किमी लंबी आध्यात्मिक सर्किट में होंगे विकास के कई काम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग प्रयागराज के सभी माधव मंदिरों के विकास को लेकर पूरा रोड मैप तैयार कर चुका है। हाल ही में पर्यटन विभाग की ओर से इससे संबंधित प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद सीएम योगी ने आगामी महाकुंभ से पहले द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प के लिए विभाग को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि महाकुंभ-2025 से पहले देश-दुनिया के संतों और भक्तों को तीर्थाटन के रूप में द्वादश माधव सर्किट की सौगात मिले। इस 125 किमी लंबी आध्यात्मिक सर्किट में तीर्थ परिक्रमा के साथ ही पर्यटन की मूलभूत सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा।

### महर्षि भारद्वाज करते थे सभी माधवों की परिक्रमा

बता दें कि भगवान माधव प्रयागराज के प्रधान देवता के रूप में पूजे जाते हैं। इनके द्वादश (बारह) स्वरूप प्रयाग में प्रतिष्ठित हैं। पौराणिक मान्यता है कि प्रयागराज में संगम की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण ने द्वादश स्वरूप धारण किए थे। मत्स्य पुराण में लिखा है कि द्वादश माधव परिक्रमा करने वाले को सारे तीर्थों व देवी-देवताओं के दर्शन का पुण्य प्राप्त होता है। महर्षि भारद्वाज सहित अनेक ऋषि-मुनि इसकी परिक्रमा करते रहे हैं। मगर मुगल और ब्रिटिश काल में ये द्वादश मंदिर दुर्दशाग्रस्त हो गये थे। वहीं आजादी के बाद भी इन्हें लेकर सरकारों में उदासीनता ही रही। माधव मंदिरों के आसपास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। झूंसी में शंख माधव, नैनी में गदा माधव पूरी तरह से अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। कहीं सीधा रास्ता नहीं है तो कहीं महज दो फीट चौड़ा रास्ता ही बचा है। अब योगी सरकार ने द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प का बीड़ा उठाया है।

### कहां प्रतिष्ठित हैं कौन माधव

1 : वेणीमाधव : यह प्रयाग के नगर देवता हैं। इनका मंदिर दारागंज स्थित त्रिवेणी तट पर है।
2 : अक्षयवट माधव : गंगा-यमुना के मध्य में यह विराजमान हैं।
3 : अनंत माधव : दारागंज में।
4 : असि माधव : नागवासुकी मंदिर के पास असि माधव वास करते हैं।
5 : मनोहर माधव : जानसेनगंज में मंदिर है।
6 : बिंदु माधव : द्रौपदी घाट के पास।
7 : श्रीआदि माधव : संगम के मध्य जल रूप में।
8 : चक्र माधव : प्रयाग के अग्नि कोण में अरैल में सोमेश्वर मंदिर के निकट स्थित हैं।
9 : श्रीगदा माधव : छिवकी रेलवे स्टेशन के पास।
10 : पद्म माधव : वीकर देवरिया ग्राम में।
11 : संकटहर माधव : झूसी में गंगा तट पर वटवृक्ष में है।
12 : शंख माधव : झूसी के छतनाग में मुंशी के बगीचे में इनकी स्थली मानी जाती है।




## नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने नीतीश सरकार पर उठाए सवाल, बोले...

# सत्ता के संरक्षण में हो रहा पेपर लीक

♦ भाजपा प्रदेश कार्यालय में सहयोग कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्या बोले- पेपर लीक मामले में असफल लोगों को नहीं हटाया जाता तो माना जाए कि इसमें सरकार की सहमति है

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने पेपर लीक मामले को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए सीधे तौर पर कहा कि पेपर लीक सत्ता के संरक्षण में हो रहा है। उन्होंने साफ लहजे में सवाल उठाया कि अगर ऐसा नहीं है तो असफल लोगों को क्यों नहीं हटाया जाता। विजय सिन्हा ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर इन लोगों मे हिम्मत है तो अति पिछड़ा या दलित के बेटे को मुख्यमंत्री बना दें। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को सहयोग कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनने और उसके समाधान के प्रयास करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में अगर असफल लोगों को नहीं हटाया जाता है तो माना जाए कि इसमें सरकार की सहमति है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति का ढोल पीटा जा रहा है, लेकिन हकीकत है कि प्रतिभा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक असफल लोगों को हटाया नहीं जाता ईमानदारी की या पारदर्शिता की कल्पना नहीं कर सकते।

विजय सिन्हा ने नियुक्ति में हो रहे घोटालों की चर्चा करते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग से जो बहाली हो रही है उसमें दूसरे राज्य के बच्चे को सिर्फ इस लिए लिया जा रहा है कि उनसे ज्यादा उगाही हो। नियुक्ति के नाम पर उगाही का खेल खेला जा रहा है। उन्होंने सरकार से हाई कोर्ट के सीटिंग जज से बहाली की जांच करवाए जाने की मांग करते हुए कहा कि नियुक्ति पारदर्शी तरीके से हो इसकी पूरी व्यवस्था की जाए। पत्रकारों द्वारा दिल्ली में नक्सलवाद पर हो रही बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शामिल नहीं होने से संबंधित प्रश्न पर श्री सिन्हा ने कहा कि जातीय नरसंहार कराने वाले लोगों से जब से गलबहियां किए हैं, तो यह जातीय नरसंहार कराने वाले कौन लोग थे। उनसे गलबहियां करने के बाद उनकी हिम्मत नहीं बची है उग्रवाद, अपराध, आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई लड़ने का।

### सत्ता के लिए राजद के सामने समर्पित हो चुके हैं नीतीश

विजय सिन्हा ने कहा कि नीतीश कुमार सत्ता के लिए राजद के सामने समर्पित हो चुके हैं। तुष्टिकरण की मानसिकता में ये वोट और सत्ता के लिए सबकुछ भूल गए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ये आतंकवादी उग्रवादी, अपराधी, किन के दामाद हैं और इनको कौन बिहार में पोषित कर रहा है और कौन सम्मान देता है। इनलोगों की उनके खिलाफ एक आवाज नहीं निकल सकती। उन्होंने जातीय गणना रिपोर्ट से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मैंने बैठक में ही यह सवाल उठाया था कि जो लोग घर से बाहर थे उनके घर के मुखिया का हस्ताक्षर कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि मैंने तो खुद का ही हस्ताक्षर दिखाने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि अब यह गणना आ गई जिसमे केवल खानापूर्ति दिख रही है। इससे कई लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए और जो सरकारी सुविधा उन्हें मिलती थी, उससे वे वंचित हो गए तो, इसके जिम्मेदार कौन होंगे।

### हिम्मत है तो अति पिछड़ा या दलित के बेटे को सीएम बना दें

सिन्हा ने आगे कहा कि अगर इनमे हिम्मत है तो अति पिछड़ा या दलित के बेटे को मुख्यमंत्री बना दे। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि हिस्सेदारी और भागेदारी से कब तक एक ही परिवार का उत्थान होता रहेगा। विधानसभा में विरोधी दल के नेता श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा सत्ता के लिए कभी राजनीति नहीं करती। भाजपा सुशासन लाने के लिए लोगों और खास गरीबों के उत्थान और कल्याण के लिए राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी कहते रहें हैं कि उनकी चिंता गरीबों के प्रति है और उनका ध्येय गरीबों का कल्याण है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भाजपा अब नकली चंद्रगुप्त नहीं बल्कि अपनी पार्टी से चंद्रगुप्त बनाएगी।

## चाचा-भतीजा कुंडली मारकर खुद कुर्सी पर बैठे हैं: पीके

**केटी न्यूज/सीतामढ़ी**



जातिगत जनगणना के बाद तेजस्वी यादव के बराबरी की बात करने के सवाल पर जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा है लालू यादव, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव पिछले 32 सालों से बिहार में शासन कर रहे हैं। बिहार में कोई इनसे पूछने वाला नहीं है कि बिहार में इन वर्गों के प्रतिनिधित्व के बारे में आप बात कर रहे हैं पिछले 32 बरस से आपने इन वर्गों के लिए क्या किया? जातिगत जो सर्वे आया है उसका कोई महत्व नहीं है।

पीके ने कहा कि बिहार में किसको नहीं मालूम है कि 35 प्रतिशत अति पिछड़ा समाज के लोग रहते हैं। सवाल है कि इन समाज के उत्थान के लिए इन्होंने क्या किया? सीतामढ़ी के रून्नी सैदपुर में जन संवाद के दौरान प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि आज की जो महागठबंधन सरकार है उसमें से अति पिछड़ा समाज के कितने विधायक हैं? अति पिछड़ा समाज से कितने लोगों को मंत्रिमंडल में मंत्री बनाया है? उनसे ये पूछ लीजिए कि जो विभाग दिए गए हैं अति पिछड़ा और दलित समाज के या अल्पसंख्यक समाज के मंत्री हैं भी उनको कौन सा विभाग दिया गया है। जनभागीदारी की जो बात कर रहे हैं तो इनको शुरूआत खुद से करनी चाहिए। चाचा-भतीजा कुंडली मारकर खुद कुर्सी में बैठे हुए हैं और दूसरे से कह रहे हैं कि इनको हक मिलना चाहिए। आप उनको मुख्यमंत्री बना दीजिए। नीतीश कुमार कल कैबिनेट का विस्तार करें और अल्पसंख्यक और दलित समाज के लोगों को उनका प्रतिनिधित्व दें। गृह मंत्रालय और पथ निर्माण आप चलाएंगे, सारे बड़े विभाग अपने पास रखिएगा और बात कीजिएगा प्रतिनिधित्व का?

## सीवान में जमीन विवाद में धमकी दे रहा शहाबुद्दीन का बेटा

**सीवान।** पूर्व दिवंगत सांसद मो. शहाबुद्दीन का बेटा एक बार फिर चर्चा में है। इस बार उस पर रंगदारी और धमकी देने के संबंध में मामला सामने आया है। इसको लेकर पीड़ित ने हुसैनगंज थाना में गुरुवार को लिखित आवेदन भी दिया है। वहीं, शहर में जमीन विवाद में गोली चलने पर ओसामा शहाब का नाम सामने आया है। पूरा मामला सीवान जिला के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छपिया खुर्द बगीचा के समीप का है। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर करीब 2-3 बजे के बीच 42 कट्टा जमीन पर काम करा रहे लोगों को रोकने के लिए कुछ आसामाजिक तत्व पहुंच गए और इस दौरान जमीन पर बाउंड्री करा रहे लोगों से मारपीट की गई, हवाई फायरिंग भी की गई। वहीं, इस मामले से जुड़ा एक ऑडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस ऑडियो में मुख्य रूप में ओसामा की बातचीत है। बातचीत में कहा जा रहा है कि अगला आदमी मेरे बस की बात नहीं है। फिर दूसरा व्यक्ति कह रहा है कि ना होई त उसको मरवा देना। केस होई त देखल जाई।

## जदयू विधायक गोपाल मंडल ने पत्रकारों को दी गाली धमकाया- पिस्तौलवा तो अभियो रखे हैं निकालें क्या

**केटी न्यूज/पटना**

जदयू के विधायक गोपाल मंडल की आए दिन अपनी हरकतों अमर्यादित बयानों से चर्चा में बने रहते हैं। ताजा मामला शुक्रवार का है। जब पटना स्थित जेडीयू कार्यालय परिसर में पत्रकारों को गालियां देने के साथ-साथ धमकी भी देने लगे। जेडीयू विधायक ने कहा, पिस्तौलवा तो अभियो रखे हैं, निकालें क्या? ज्यादा बदमाशी करोगे तो बता देंगे। दरअसल जेडीयू के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे थे। इसके बाद कई मंत्री और विधायक भी पहुंचने लगे। इसी दौरान विधायक गोपाल मंडल भी मुख्यमंत्री से मिलने के लिए आए। पत्रकारों ने उन्हें देखा और सवाल कर दिया कि आप अस्पताल में पिस्टल लहरा रहे थे। इस पर उन्होंने सबसे पहले कहा कि पिस्तौलवा तो अभियो रखे हैं निकालें क्या? फिर सफाई देने लगे और जाते-जाते उन्होंने पत्रकारों को गालियां दे दी।



जेडीयू विधायक गोपाल मंडल के आपत्तिजनक बयान पर जेडीयू कोटा के मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान कहीं से भी उचित नहीं है, यह पिस्तौल और गोली वाले लोग हम नहीं हैं। हम लोग महात्मा गांधी वाले लोग हैं। इन सभी बातों की और इस तरह के बयानों का हम भर्त्सना करते हैं।

## बिहार में जातिगत सर्वे पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार जातिगत सर्वे के मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने जातिगत सर्वे पर यथास्थिति का आदेश देने से मना कर दिया और अगली सुनवाई जनवरी में करने के लिए कहा। रोक से मना करते हुए बेंच के अध्यक्ष जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, हम किसी राज्य सरकार को नीति बनाने या काम करने से नहीं रोक सकते। सुनवाई में उसकी समीक्षा कर सकते हैं। मामले पर सुनवाई करते हुए जज ने कहा, हाईकोर्ट ने विस्तृत आदेश पारित किया है और हमें भी विस्तार से ही सुनना होगा। ये बात भी सही है कि सरकारी योजनाओं के लिए आंकड़े जुटाना जरूरी है. हम आप सभी को सुनना चाहेंगे।

मामले पर सुनवाई के दौरान वकील ने कहा कि बिहार सरकार ने मामले की सुनवाई से पहले ही सर्वे के आंकड़े जारी कर दिए। इस पर जज ने कहा कि हमने इस पर रोक नहीं लगाई थी। वहीं दलील देते हुए वकील ने कहा कि सर्वे की प्रक्रिया ही निजता के अधिकार का हनन था। सबसे पहले तो ये तय हो कि मामले पर नोटिस जारी किया जाए अथवा नहीं।

## नालंदा में अंचल कार्यालय के अमीन को घूस लेते रंगे हाथ निगरानी ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

नालंदा में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने अंचल कार्यालय में कार्यरत अमीन मनोज कुमार को घुस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फिलहाल इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर रही है। दरअसल, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम के द्वारा शुक्रवार को निगरानी थाना में मनोज कुमार अंचल अमीन 15,000/- (पन्द्रह हजार रुपये रिश्वत लेते प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय नगरनौसा से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। परिवादी अजय कुमार पिता स्व० बनारसी राम द्वारा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में 23 अगस्त को शिकायत दर्ज कराया गया था कि आरोपी मनोज द्वारा जमीन भाषी का रिपोर्ट देने के लिए रिश्वत की मांग की जा रही है।

वहीं ब्यूरो द्वारा सत्यापन कराया गया एवं सत्यापन के क्रम में आरोपी द्वारा रिश्वत मांगे जाने का प्रभाग पाया गया। आरोप सही पाये जाने के पश्चात उपरोक्त कांड अंकित कर अनुसंधानकर्ता राजेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक पाचादल का गठन किया गया, जिनके द्वारा कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मनोज कुमार को 15,000/- 50 रिश्वत लेते प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि, अभियुक्त को पूछताछ के उपरांत न्यायालय निगरानी पटना में उपस्थापित किया जायेगा। जानकारी के लिए बता दें कि, रिश्वत मांगने से संबंधित कोई भी शिकायत आप कार्यालय अवधि में ब्यूरो के टॉल 0-0612-2215033, 2215030, 2215032, 2215036, 2215037, 2999752, दूरभाष नं0 0612-2215344 एवं मोबाइल नं0 7765953261 पर कर सकते हैं।



# बेटे के साथ शराब के नशे में धूत मिला बीएसएपी फोर का प्रशिक्षु सिपाही, गिरफ्तार

❒ बड़ा सवाल जब वर्दी वाले ही छलकाएंगे जाम तो कौन रोकेगा शराब तस्करी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शराबबंदी वाले बिहार में वर्दी वाले भी जाम छलकाते है। इसकी बानगी शुक्रवार को डुमरांव में देखने को मिली। जब हरियाणा फार्म स्थित बीएसएपी फोर में प्रशिक्षण ले रहा एक जवान अपने बेटे संग शराब के नशे में धूत पाया गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने बाप बेटों को पकड़ मेडिकल जांच करवाया। जहां



शराब पीने की पुष्टि होने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार बीएसएपी-फोर के प्रशिक्षु सिपाही फूल पासवान जिसका नंबर 5335 व उसका बेटा आशुतोष पासवान है। दोनों बाप-बेटे को नशे की हालत में पुलिस की टीम ने बीएमपी के ब्लॉक दो से पकड़ा है। बीएसएपी फोर परिसर से बेटे के साथ प्रशिक्षु जवान के शराब के नशे में पकड़े जाने के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। बड़ा सवाल तो यह है कि जब वर्दी वाले ही इस कानून का माखौल उड़ा जाम छलकाएंगे तो शराब तस्करों व नशेड़ियों को कौन रोकेगा। वही सवाल तो यह भी खड़ा हो रहा है कि जिस बिहार में वर्षों से शराब बंद है वहां शराब इतनी आसानी से कैसे उपलब्ध हो रहा है।

गौरतलब है कि पिछले महीने शराब की हेराफेरी मामले में ब्रह्मपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी समेत पांच पुलिसकर्मियों पर गाज गिर चुकी है। वही अब एक जवान फिर से शराब के नशे में पाया गया। जिससे शराबबंदी कानून के हश्र का अंदाजा लगाया जा सकता है। बता दें कि अनुमंडल क्षेत्र में आए दिन शराब की खेप बरामद होती है। वहीं लोग दबे जुबां तस्करी के खेल में पुलिस की भूमिका को संदिग्ध मानते है। इस घटना के बाद यह प्रमाणित हो रहा है कि शराब तस्करी की महती भूमिका निभाने वाली पुलिस के दामन भी बेदाग नहीं है।

**पहले भी इस कैंप से नशे के हालत में गिरफ्तार हो चुके है जवान :** बता दें कि बीएसएपी नामकरण से पहले यह कैंप बीएमपी के नाम से जाना जाता था। करीब दो वर्ष पहले भी इस कैंप में जवानों के शराब सेवन का मामला प्रकाश में आया था तथा शराब के नशें में वर्दी वाले गिरफ्तार भी हुए थे। जानकारों का कहना है कि इस कैंप से सटे बंझूडेरा व नोनिया डेरा गांव है, जहां बड़े पैमाने पर शराब का निर्माण व तस्करी की जाती है। पुलिस की छापेमारी में कई बार यहां से शराब की खेप भी बरामद हुई थी।

“ बीएसएपी फोर का एक जवान अपने बेटे के साथ शराब के नशे में पकड़ा गया है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा।

*- अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव*

## एक नजर

### डीआरएम ने रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान लिया कार्यों का ब्योरा



**ब्रह्मपुर।** दानापुर मंडल के डीआरएम जयंत चौधरी ने शुक्रवार को रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया और रेलवे अधिकारियों से स्टेशन पर होने वाले विकास कार्यों का ब्योरा लिया। बता दें कि रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे की गति शक्ति टीम द्वारा अमृत भारत योजना के अंतर्गत होने वाले आरओबी निर्माण के लिए माप भी लिया जा रहा था। रेलवे कर्मचारियों ने डीआरएम को निर्माण कार्यों का रोड़ मैप भी दिखाया। रेल यात्री कल्याण समिति के सदस्य और जदयू के जिला महासचिव अजय उपाध्याय एवं समाजसेवी शैलेश कुमार ओझा ने डीआरएम से रघुनाथपुर में ट्रेनों के ठहराव और अलग रेलवे काउंटर बनाने का अनुरोध किया। जिसके बाबत डीआरएम द्वारा जल्द खुशखबरी मिलने की बात कही गई। इस दौरान श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेश कुमार ओझा ने उन्हें चंदन का पौधा भेंट किया जिसे डीआरएम ने ब्रह्मपुर के प्रसिद्ध ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर में अपने हाथों लगाया। संयोग से इस दौरान रांची हाई कोर्ट के न्यायाधीश एसएन पाठक भी मौजूद थे। उन्होंने रघुनाथपुर स्टेशन पर विकास कार्यों को देख खुशी जताई।

### नगर परिषद की नियोजन समिति ने अनुकम्पा के दो लाभुकों को दिया नियुक्ति पत्र

**बक्सर।** बीते गुरुवार को नगर परिषद बक्सर कार्यालय स्थित सभाकक्ष में सभापति कमरून निशा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी एवं सदस्य शिक्षा समिति मीरा देवी, सदस्य नियोजन समिति सह वार्ड पार्षद की उपस्थिति में नगर नियोजन समिति की बैठक आहूत किया गया था। जिसकी अध्यक्षता सभापति ने किया था। उक्त बैठक में अनुकंपा पर शिक्षक नियोजन पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें बैठक में उपस्थित आवेदकों द्वारा प्राप्त अनुकंपा नियोजन संबंधित सभी दस्तावेजों का जांचोपरांत नियोजन पत्र प्रदान करने पर सहमति प्रदान की गई। गुरुवार को हुए बैठक के आलोक में शुक्रवार को कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम द्वारा लव कुमार चौधरी को बीबी उच्च विद्यालय में परिचारी के पद पर और अंकित चंद्र को नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में सहायक के पद पर योगदान हेतु नियोजन पत्र प्रदान किया गया।



### नवाडीह में आपसी विवाद में गहराया तनाव, दोनों पक्षों ने दर्ज कराया मामला

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव में दो गुटों के आपसी विवाद में मामला गहरा गया है। इस मामले में एक पक्ष के नावानगर प्रमुख अंकित यदुवंशी ने दूसरे पक्ष पर जान मारने की नियत से फायरिंग करने तथा पांच लाख रूपए की रंगदारी मांगने का आरोप लगा चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया है। अंकित ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि नवाडीह उसके बुआ का घर है। जहां से लौटने के दौरान नामजदों ने दो बाइक से उसका पीछा किया तथा हवाई फायरिंग भी किया और पांच लाख रूपए रंगदारी की मांग की। जबकि दूसरे पक्ष के शशिकांत यादव ने भी अंकित यादव, मुलायम यादव समेत चार लोगों पर मारपीट करने, रूपए व चेन छिनने आदि का गंभीर आरोप लगाया है। दोनों तरफ से एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों तरफ से एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। वैसे इस घटना के बाद दोनों पक्षों में गुटीय तनाव चरम पर पहुंच गया है।

### तालाब में डूबने से वृद्ध महिला की हुई मौत

**राजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हेठुआ गांव के प्राचीन पोखरा में शुक्रवार की अहले सुबह पानी भरे तालाब में डूबने से 70 वर्षीय वृद्ध महिला उगनी देवी की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिउतिया व्रत होने के वजह से अहले सुबह ही वह तालाब किनारे स्नान करने के लिए गई थी। तभी अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चली गई। एक घंटे बाद वह वापस घर नहीं लौटी तो कुछ देर बाद जब तालाब किनारे गांव के अन्य महिला एवं पुरुष स्नान करने के लिए गए तो महिला का शव पानी में तैरते हुए देखा गया। जिस बात की चर्चा होते ही सैकड़ों की तादाद में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। परिजनों में चीख पुकार मच गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों में चर्चा है कि गहरा पानी होने से यहां पर किसी प्रकार का पहले से कोई सुरक्षा का व्यवस्था नहीं है। हालांकि लोग यहां प्रतिदिन तालाब किनारे बने सीढियों पर स्नान करते हैं। यह महिला गहरे पानी में कैसे चली गई यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।




## खबरें फटाफट

### दो पक्षों की मारपीट में दो गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बंझूडेरा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। जिसको लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए डुमरांव थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर एक पक्ष के जालिम यादव और दूसरे पक्ष के बिंदु यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि एक पक्ष के जालिम यादव ने चार लोगों के खिलाफ पुलिस में आवेदन देकर बताया है कि दूसरा पक्ष मेरे घर के आगे पानी बहा रहा था। इसको लेकर मना किया गया, जिस पर दूसरा पक्ष नाराज हो गया और मारपीट कर बेटी और पत्नी को जख्मी कर दिया। दूसरे पक्ष के बिंदु यादव ने जबरन मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर दोनों पक्ष से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामला भूमि विवाद का बताया जाता है।

### मध्य विद्यालय से खेल सामग्री चोरी, केस दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय मध्य विद्यालय से चोरों द्वारा विद्यार्थियों के लिए रखी गयी खेल सामग्री को चुरा लिया है। इस मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुभाष कुमार द्वारा स्थानीय थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। पुलिस को दिये गये आवेदन में प्रधानाध्यापक ने बताया है कि रात्रि पहर चोरों द्वारा विद्यालय में प्रवेश कर एक कमरे का ताला तोड़ उसमें बच्चों के लिए रखे गये खेल के साथ अन्य आदि सामग्रियों की चोरी कर ली गयी है। सुबह में ग्रामीणों की सूचना पर वो अपने सहयोगी शिक्षक व ग्रामीणों के साथ विद्यालय पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर चोरों की पहचान करने में जुटी है।

### किशोरी को भगाने के आरोपी गिरफ्तार

**बक्सर।** नगर थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर घर से भगाने के मामले में स्थानीय पुलिस ने पश्चिम चंपारण के एक युवक को यूपी के कानपुर से गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। नगर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिनों एक युवक थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया था। जिसके बाद लड़की के परिजनों ने इस संबंध में नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। वैज्ञानिक अनुसंधान के दौरान पुलिस को पता चला कि युवक लड़की के साथ कानपुर में छिपा हुआ है। पुलिस ने छापेमारी कर उसे कानपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार युवक मोहम्मद आजाद पश्चिम चंपारण के बड़हरा टोला का रहने वाला है। जिसकी पुष्टि करते हुए नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि कागजी कार्रवाई पूरी कर किशोरी को परिजनों को सौंप दिया गया और युवक को जेल भेज दिया गया है।

## दूसरे दिन टूटी सफाईकर्मियों की हड़ताल, अब लोगों को मिलेगी कचरों से निजात

# हड़ताल से शहर के वार्डों में लगा गंदगी का अंबार, कचरों के दुर्गंध से बुरा हाल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आठ सूत्री मांगों के समर्थन में डुमरांव नगर परिषद से जुड़े संविदा सफाईकर्मियों ने गुरूवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया था। दूसरे दिन हड़ताली सफाई कर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय के बाहर एकजुट हो जोरदार प्रदर्शन किए तथा अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। सफाईकर्मियों ने कहा कि जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तबतक उनका हड़ताल जारी रहेगा। इधर नगर परिषद प्रशासन ने उन्हें समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन सफाई कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में पूरे दिन हड़ताल पर अड़े रहे। हालांकि शाम में चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता व सफाई एनजीओ के पदाधिकारियों के साथ हुई सफाईकर्मियों की बैठक में हड़ताल समाप्त हो गया।

नप प्रशासन ने उनकी मांगों को प्राथमिकता के तौर पर पूरा करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद शनिवार से सभी सफाईकर्मियों ने काम पर लौटने की बात कही। इधर सफाई कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। शुक्रवार को पूरे दिन शहर के विभिन्न नुक्कड़ों तथा सड़कों के किनारे कूड़ा पसरा रहा।





कूड़े ढेर से दुर्गंध भी उठने लगी है। जिससे शहरवासियों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। इधर नगर परिषद प्रशासन के पास डोर टू डोर कूड़ा उठाव का कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है। जिस कारण स्वच्छता अभियान पर भी प्रभावित हुआ है। बता दें कि डुमरांव नगर परिषद के दैनिक वेतन भोगी सफाई कर्मी गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये है। ऐसी स्थिति में शहर की सड़कें हो या गलियां हर तरफ कूड़े की बदबू से सड़क पर चलना दुश्वार बन गया है। हड़ताल पर जाने से पहले सफाईकर्मियों ने अपने आठ सूत्री मांगों का मांग पत्र भी नगर परिषद प्रशासन को सौंपा था। वहीं समय से वेतन भुगतान नहीं होने से आक्रोशित सफाईकर्मियों ने नगर परिषद प्रशासन और एनजीओ के खिलाफ सुबह में आक्रोश जताया है।

**समय से वेतन भुगतान व वृद्धि की मांग कर रहे थे सफाईकर्मी :** अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए सफाईकर्मियों की मुख्य मांगों में समय से वेतन भुगतान करने, वेतन वेतन वृद्धि करने, कोरोना काल की प्रोत्साहन राशि देने, पीएफ भुगतान में हो रही गड़बड़ी को दूर करने, वेतन सहित साप्ताहिक छुट्टी मिलने सहित अन्य मांगों को लेकर आक्रोशित हुए और सड़कों पर उतर कर कूड़ा उठाव से इंकार कर दिया। सफाईकर्मियों का कहना है कि सुपरवाइजरों द्वारा सफाईकर्मियों से सम्मानजनक व मानवीय व्यवहार नहीं किया जाता है जबकि कभी भी किसी सफाईकर्मी को हटा दिया जाता है। इसका निश्चित मापदंड तय होनी चाहिए। मजदूरों के साथ सम्मानजनक एवं मानवीय व्यवहार होना चाहिए। सफाईकर्मियों ने कहा कि जब वेतन भुगतान की बारी आती है तो कभी एनजीओ तो कभी विभाग की बात कह पेंडुलम की तरह लटकाये रहते है। सफाईकर्मियों के हड़ताल पर जाने से हर तरफ कूड़े का अंबार लगा है। शहर के मुख्य सड़कों पर कई जगह फेंके गये सड़े-गले फल व सब्जियों के कारण बदबू उठने लगी है। इस परिस्थिति में जीवित पुत्रिका पर्व को लेकर खरीदारी करने आयी महिलाएं अपनी नाक पर रुमाल रखने को विवश है। इनके हड़ताल पर चले जाने से स्थिति बदतर हो गयी है। आक्रोश व्यक्त करने वालो में सफाईकर्मी राजू डोम, आदित्य राम, मुन्नी देवी, बिंदा देवी, रमिया देवी, सीता, रिंकी, अनीता, स्नेहा, शोभा सहित अन्य शामिल रहे।

“ हड़ताल पर गए सफाईकर्मियों के साथ शाम में वार्ता की गई। वार्ता सफल रही। सभी सफाईकर्मी शनिवार से काम पर लौट आएंगे। उनकी मांगों को गंभीरता से लिया गया है। शहर की साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखना हमारी प्राथमिकता है।

*- सुमित गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि, नप, डुमरांव*

## फुटबॉल व वॉलीबॉल के लिए आज से चयन प्रतियोगिता शुरू

**केटी न्यूज/बक्सर**

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया ने 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय फुटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता की तिथियां घोषित कर दी है। यह प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 04 नवम्बर तक जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित होगी।

जिले के नोडल पदाधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। बता दें कि कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक खेल कार्यक्रम सत्र 2023-24 के तहत राज्य स्तरीय विद्यालय फुटबॉल अन्डर 19 बालक चयन प्रतियोगिता 10 एवं 11 अक्टूबर को महाराजा स्टेडियम बेतिया एवं वॉलीबॉल अन्डर 17 बालक चयन प्रतियोगिता 10 एवं 11 अक्टूबर को आरा भोजपुर में आयोजित होगी। जिला स्तरीय विद्यालय वॉलीबॉल अन्डर 17 चयन प्रतियोगिता 07 अक्टूबर एवं फुटबॉल अन्डर 19 बालक चयन प्रतियोगिता का आयोजन 08 अक्टूबर को एमपी उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने साथ योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति पिछले वर्ष का अंक प्रमाण पत्र के साथ आएंगे। इस चयन प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी ही राज्य स्तरीय फुटबॉल एवं वॉलीबॉल चयन प्रतियोगिता में बक्सर जिलें का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## जमीन विवाद में हुई मारपीट मामले में सोलह वर्षों बाद आया फैसला, दस वर्ष का कारावास

**केटी न्यूज/बक्सर**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजेंद्र कुमार ने रैयती जमीनी विवाद में हुई मारपीट मामले में गवाहों के सुनने के बाद आरोपित को दोषी करार देते हुए दस -दस वर्ष सश्रम कारावास के साथ अर्थदंड लगाया है। अपर लोक अभियोजक शेषनाथ सिंह ने बताया कि 23 फरवरी 2007 को राजपुर थाना क्षेत्र के सिसराढ़ गांव में घनश्याम चौबे के रैयती जमीन में बलपूर्वक ट्रैक्टर से रास्ता बना रहे थे। जिसका घनश्याम चौबे द्वारा विरोध किया गया था।




जिसके बाद श्री चौबे अपने भतीजा के साथ चारा मशीन से चारा काट रहे थे तबतक गांव के सुरेंद्रनाथ सिंह, निमेष नारायण सिंह, दुर्गेश कुमार सिंह और राहुल कुमार ने गोलबंद होकर हथियार से लैस होकर फायरिंग करने लगे और मारपीट किया गया। जिसमें घनश्याम चौबे भतीजा जयशंकर चौबे, प्रिया कुमारी और पूजा कुमारी जख्मी हो गए खून से लथपथ होकर घटनास्थल पर गिर पड़े तभी गांव के लोग जुट गए और सभी को सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

मामले में घनश्याम चौबे द्वारा चारों के खिलाफ राजपुर थाना में मामला दर्ज कराया था। इसी मामले में पुलिस की चार्जशीट के बाद न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपी को दोषी पाया। घटना के लगभग 16 वर्षो बाद फैसला आया जिसमे सुरेंद्रनाथ सिंह की मृत्यु हो गई। वहीं, बताया जा रहा है कि राहुल कुमार को जूवेनाइल में भेज दिया गया। वहीं न्यायाधीश विजेंद्र कुमार ने दुर्गेश कुमार सिंह, निमेष नारायण सिंह को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास के साथ 65-65 हजार रुपयों अर्थदंड की सजा सुनाई हैं।

## सदर अस्पताल के औषधीय गार्डेन में उपविकास आयुक्त ने किया पौधरोपण

# कई रोगों के इलाज में लाभकारी होते है औषधीय पौधें: डीडीसी

**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था गुणवत्तापूर्ण प्रदान करने के साथ ही परिसर को हरा भरा बनाने तथा पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर दो गार्डेन तैयार किया जा रहा हैं। जिसमें औषधीय पौधों का रोपण कर लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं।

शुक्रवार को परिसर स्थित औषधीय गार्डेन में उप विकास आयुक्त डॉ. महेंद्र पाल एवं सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिंहा ने अपने हाथों औषधीय पौधों का रोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का



संदेश दिया। इस दौरान डीडीसी ने अपने संबोधन में कहा कि औषधीय पौधों में बीमारियों से लड़ने का गुण होता है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में नीम, गिलोय जैसे औषधीय पौधों का चमत्कारिक लाभ सब जान चुके है। इसके अलावे सैकड़ो पौधें ऐसे हैं जिनमें कई औषधीय गुण होते है। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधें पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के साथ ही जरूरत पड़ने में लोगों के काम भी आते हैं। ज्ञात हो कि सदर अस्पताल प्रबंधन स्वास्थ्य व्यस्था को बेहतर बनाने के साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के उदेश्य से परिसर में दो बडे. भूभाग पर औषधीय पौधों को लगाया हैं।

डीडीसी और सीएस ने मिलकर नीम, तुलसी, पीपल, लेमनग्रास, छितवन, काला धतूरा, गोलमिर्च, पलास, एलोवेरा समेत कई अन्य औषधीय पौधों का रोपण अपने हाथों किया। जिससे अस्पताल परिसर को हरा भरा व स्वस्थ बनाये रखने के साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रखा जा सकें। डीडीसी ने बिगड़ रहे पर्यावरण को बचाने तथा आने वाली पीढ़ी को स्वास्थ्य की रक्षा के लिए हर व्यक्ति को पौधरोपण तथा पौधों को बचाने की आदत डालने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण समाज के आम से लेकर खास के साथ कोई भेदभाव नहीं करता है। सभी के लिए सर्व सुलभ सामान्य रूप से है। सभी को पानी के अनावश्यक उपयोग को रोकने के साथ हर हाथ को पौधरोपण की तरफ बढाना होगा। इसके साथ ही पौधों का संरक्षण भी आवश्यक रूप से करना होगा। जिसके बाद ही आने वाली हमारी पीढ़ी को शुद्ध पर्यावरण मिल सकेगा। मौके पर अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत सिंह, राजीव कुमार के साथ ही अस्पताल के अन्य कर्मी शामिल रहे।

# बक्सर की राजलक्ष्मी ने राष्ट्रीय हैंड टू हैंड फाइटिंग में जीता स्वर्ण पदक

- रूस में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन, स्कूल प्रबंधन ने दी बधाई

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर राष्ट्रीय हैण्ड टू हैण्ड फाइटिंग प्रतियोगिता में जिले के फाउंडेशन स्कूल की सातवीं वर्ग की राजलक्ष्मी ने स्वर्ण पदक के साथ एक लाख रुपए की धन राशि जीतकर जिला ही नहीं बल्कि राज्य का नाम रौशन किया है। यह प्रतियोगिता देश के नालंदा, हरियाणा और उत्तराखंड में 30 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित हुआ था। जिसमें स्वर्ण पदक जीतने के बाद राजलक्ष्मी का चयन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो रूस में आयोजित होगा। इस उपलब्धि से उसके पिता अमित कुमार गुप्ता समेत पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वह फाउंडेशन स्कूल की छात्रा है।

राजलक्ष्मी की इस सफलता से विद्यालय परिवार भी खुश है। विद्यालय परिवार की मानें तो अकादमिक शिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को सह शैक्षिक प्रतियोगिताओं में भी भागीदारी करना शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। इससे विद्यार्थियों में सामाजिकता, नेतृत्व गुण, सामाजिक उपयोगिता, सहनशीलता की भावनाएं विकसित होतीहैं और उनका सर्वांगीण विकास होता है। शुक्रवार को सुबह की प्रार्थना सभा में अकादमिक प्रमुख एसके दुबे ने राजलक्ष्मी के इस सफलता पर बधाई दिया है। उन्होंने छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं में निरंतर रूप से भाग लेते रहने की सलाह दी। उप प्राचार्य मनोज त्रिगुण ने कहा कि यह घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि हमारे विद्यालय की कक्षा सात की छात्रा (राज लक्ष्मी) ने प्रभावशाली उपलब्धि हासिल की है।

### राज्य स्तर पर भी हासिल किया एक स्थान

बक्सर में जिला स्तर से शुरूआत करते हुए, राजलक्ष्मी ने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शनकिया और अंततः नालंदा में राज्य स्तर पर एक स्थान हासिल किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह दिलाई, जहां उन्होंने एक लाख रुपये के नकद पुरस्कार के साथ स्वर्ण पदक जीता। यह जीतका सफर हरियाणा में फाइनल मैच तक चला, जो 30 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच हुआ था। यह जीत उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भविष्य को देखते हुए, राज लक्ष्मी आगामी वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय मंच परप्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। उनका समर्पण और प्रतिभा वास्तव में सराहनीय है और वह निश्चित रूप से प्रतिस्पर्धी खेलों की दुनिया में अपनी पहचान बनाएगी।

## एक नजर

### जनता दरबार में डीएम ने सुनी समस्याएं



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय वादों की सुनवाई की गयी। जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अपील से संबंधित कुल 16 मामलें जिला पदाधिकारी के समक्ष आएं, जिनमें पांच मामलों पर आदेश? पारित किया गया, जिसमें तीन मामलें क्रमशः अंचल मखदुमपुर, अंचल मोदनगंज एवं अंचल घोषी में अतिक्रमण से संबंधित है, एक मामला घोषी प्रखंड में सामुदायिक भवन निर्माण से संबंधित है तथा एक मामला नगर परिषद क्षेत्र में नाली निर्माण से संबंधित है। वहीं शेष 11 मामलें जिसमें अंचल अधिकारी, मखदुमपुर का पांच मामला, अंचल अधिकारी जहानाबाद का एक मामला, अंचल अधिकारी, घोषी का एक मामला, अंचल अधिकारी रतनी फरीदपुर का 01 मामला सभी अतिक्रमण से संबंधित है। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, मोदनगंज का एक मामला एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी काको का एक मामला नाली निर्माण से संबंधित है एवं थाना अध्यक्ष हुलासगंज का एक मामला जिला परिषद की दुकान से संबंधित है। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों पर गहन समीक्षोपरांत संबंधित लोक प्राधिकार को स्थल पर जाकर भौतिक निरीक्षण करने का निदेश दिया तथा अगली निर्धारित तिथि को विस्तृत जांच प्रतिवेदन के साथ निश्चित रूप से उपस्थित होने का निदेश दिया। आज के लोक शिकायत की सुनवाई में सभी लोक प्राधिकार एवं परिवादी उपस्थित थे।

### शौर्य जागरण यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**जहानाबाद।** मखदूमपुर ठाकुरबारी पहुंचे शौर्य यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर निर्माण में जन जागरण रथ यात्रा पूरे भारत में घुमाया जा रहा है। रथ पर भगवान राम माता सीता लक्ष्मण जी का मूर्ति स्थापित है। जिसमें सैकड़ों लोगों ने आरती मंगल की और जय श्री राम का नारा लगाया। रथ पर सवार साधु संतों ने अपने विचार रखें और सभी लोगों को अयोध्या श्री राम मंदिर का दर्शन करने के लिए निमंत्रण दिया। इसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पहले जैसे ही रथ मखदुमपुर क्षेत्र में प्रवेश करते ही सीमा पर अवस्थित उमता के समीप सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल सवार लोग स्वागत किये और जय श्री राम के नारे लगाते हुए मखदुमपुर बाजार होते हुए ठाकुरबारी पहुंचे। जहां कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुकेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, मनीष कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद कुमार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह, विजय द्विवेदी, विवेक कुमार, गुड्डू कुमार, संतोष पांडे, मनीष कुमार मौजूद थे। वहीं यात्रा को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्राबंध किए गए थे।

# 8 साल की मासूम से चाचा ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

- बच्ची की पुकार सुन जंगल में पहुंचे ग्रामीण, आरोपित को पीटा
- मेडिकल जांच कराने के बाद बढ़ेगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बिहिया थाना क्षेत्र में इंसानित को शर्मसार करने वाला मामला प्रकाश में आया है। जिसमें आठ साल की मासूम बच्ची के साथ उसके चाचा ने ही दुष्कर्म किया। कोचिंग से घर ले जाने के बहाने आरोपित ने बच्ची के साथ कुकृत किया। पीड़ित बच्ची चौथी की छात्रा थी, जो गुरुवार की शाम कोचिंग से घर जा रही थी। इस दौरान आरोपित ने वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर पीटा था। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने बच्ची की मेडिकल जांच कराई और पीड़िता की मां के बयान पर आरोपित पर प्राथमिकी दर्ज किया। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की। जिसमें मौके से उन्हें पीड़ित का चप्पल बरामद हुआ। जांच के क्रम में पुलिस ने पीड़िता और आरोपित का कपड़ा भी प्रदर्श के तौर पर जब्त किया है।

### घर ले जाने के बाद जंगल में ले गया आरोपित चाचा

पुलिस को दिए आपने बयान में पीड़ित बच्ची ने बताया कि गुरुवार की शाम भी गांव में ही अपनी सहेली के साथ ट्यूशन पढ़ने गयी थी। घर लौटने के दौरान उसके



चाचा बाइक पर अपने एक दोस्त के साथ मिले। आरोपित ने बाइक रोकी और घर चलने को कहा, लेकिन उसने मना किया। जिससे झल्लाकर उसके चाचा ने उसे फटकारा और बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में उसका दोस्त बाइक लेकर चला गया। फिर उसके चाचा घर ले जाने के बाद उसे जंगल में लेकर चले गए। जहां उसके चाचा ने उसके साथ गलत काम किया और बाद में उसे धमकी दी। इस बीच बच्ची की पुकार सुनकर ग्रामीण भी पहुंचे और आरोपित को पकड़ कर जमका धुना, लेकिन वो फरार होने में कामयाब हो गया। बाद में 112 पुलिस की मदद से उसे पकड़ा जा सका।

## पुलिसिया जांच : युवक को थी नशे की लत, मामला लग रहा संदिग्ध

# दो दिन से लापता युवक का मिला शव, बोले परिजन... की गई हत्या

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित नगर थाना क्षेत्र के धरहरा मोहल्ले से दो दिन से लापता 22 साल के एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शुक्रवार को गांगी पुल के नीचे मुक्तिधाम के गेट के समीप से उसका शव बरामद किया। शव के पंचनामा के दौरान पुलिस ने पाया कि उसके मुंह और नाक से खून निकला था।? वहीं, शरीर के कई जगहों पर जख्म के निशान भी मिले हैं। परिजनों और पुलिस ने युवक के साथ मारपीट कर उसकी हत्या के बाद शव को फेंके जाने की आशंका जताई। परिजनों ने युवक के दोस्तों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है।? मृत युवक धरहरा पुरानी पानी टंकी निवासी काशीनाथ प्रसाद का बेटा टनटन कुमार था। सूत्रों के अनुसार मृतक युवक को नशे की बुरी लत थी। दो दिन पहले वो घर से अपनी लेकर बाइक निकला था। जिसके बाद उसकी कोई सूचना नहीं मिला। जांच के क्रम में पाया गया कि उसकी बाइक शहर के एक दुकानदार के पास बंधक के तौर पर रखी हुई है। इधर, शव मिलने से आसपास की इलाके में अफरा-तफरी मच गयी।



- परिजनों का बयान दर्ज, मौत के कारणों की छानबीन में जुटी पुलिस

घटना स्थल की पूरी तरह से जांच करने के बाद थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

युवक के बड़े भाई ओम नारायण ने बताया कि वह बुधवार की सुबह बाइक लेकर घर से निकला था। बुधवार की शाम पता चला कि उसकी बाइक आरण्य देवी निवासी विजय कुमार गुप्ता के पास गिरवी रखी गयी। बताया कि उसका भाई नशा करता था। उसके कारण उसने घर का गहना सहित अन्य सामान पहले से उसके पास गिरवी रख दिया



था। गुरुवार की दोपहर उसने टाउन थाना में आवेदन लेकर गया था। वहां मौजूद पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि जिस व्यक्ति के पास बाइक गिरवी रखी गयी है, उसे बुलाकर लाने की बात कही गयी। लेकिन विजय कुमार गुप्ता ने जाने से मना कर दिया।

**परिजनों ने दोस्त से की थी पूछताछ :** ओम नारायण ने बताया कि उसका भाई अपने बाबू नामक दोस्त के साथ रहता था और उसी के साथ नशा भी करता था। उसने बाबू से गुरुवार को उसके दोस्त से पूछताछ की तो उसने कहा कि वह बुधवार को सुबह नौ बजे तक था। उसके बाद वह कहीं चला गया। तब दोनों गांगी पुल के पास उसे खोजने चले गये, लेकिन उसका दोस्त वहां से भाग गया। ओम नारायण ने उसके दोस्त बाबू पर ही मारपीट कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक नशे का आदी था। हत्या का मामला संदिग्ध लग रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगा। वैसे मामले की हर बिंदुओं पर तफ्तीश की जा रही है। बताया जा रहा है कि युवक अपने तीन भाई और पांच बहनों में चौथे स्थान पर था। मौत के बाद उसके के घर में कोहराम मच गया है। मां सुनैना देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।




# पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने खाया जहर इलाज के दौरान सदर अस्पताल में हुई मौत

**केटी नयूज/आरा**

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में पारिवारिक कलह से तंग आकर 28 वर्षीय युवक ने खुदकुशी कर ली। युवक ने यह कदम शुक्रवार को अपनी पत्नी से हुए झगड़े के बाद उठाया और जहर खा लिया। घटना के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। 28 वर्षीय युवक ने मृतक नारायणपुर गांव निवासी तेगा राम का बेटा संजय राम था। हालांकि, परिजनों ने झगड़े का मुख्य कारण अब तक पुलिस को नहीं बताया। शुक्रवार की सुबह पत्नी से झगड़ा करने के बाद एक युवक ने खुदकुशी कर ली। गुस्सा में आकर युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान उसने इमरजेंसी वार्ड में अपना दम तोड़ दिया।



- झगड़े का कारण अब तक अस्पष्ट, जांच में जुटी पुलिस

युवक के पिता तेगा राम ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह खेत में काम करने गए थे। घर पर उनका बेटा और बहू थे। उसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। उसके बाद गुस्से में आकर उसके बेटे ने जहर खा लिया। गांव के लोगों के जरिए सूचना मिलने पर वह फौरन घर पहुंचने और इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि युवक परिवार में पत्नी तेतरी देवी, पुत्र अमरजीत,करिया, पुत्री रीना और छोटी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी तेतरी देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर पर बुरा हाल है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक की स्थिति गंभीर

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद-गया सड़क पर उमता गांव के समीप बाइक सवार दो युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक युवक की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो गई। हालांकि, दूसरे युवक का इलाज शुरू किया। बताया जाता है कि उत्तम कुमार प्रियदर्शी एवं प्रिंस कुमार गुरुवार की देर रात बाइक से गया जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक उमता गांव के समीप पहुंची, किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायल युवक को इलाज के लिए मखदुमपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उत्तम कुमार




प्रियदर्शी को मृत घोषित कर दिया। उत्तम नालंदा जिले के दीप नगर का निवासी बताया जाता है। वही प्रिंस कुमार का इलाज किया जा रहा है। प्रिंस खड़ौना गांव का निवासी बताया जाता है। इस घटना की सूचना उसके परिजनों को दी गई परिजनों दौड़े दौड़े अस्पताल पहुंचे। जैसे ही परिवार को मौत की खबर लगी। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों से पूछताछ का मामले की जांच में जुट गई। पुलिस अपने स्तर से इस मामले की जांच में जुट गई है।




## युक्ति योजना कार्यक्रम से निजी क्लिनिकों में गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित गर्भपात में मदद

# सलाह : गर्भपात के लिए असुरक्षित साधनों की ओर न करें रूख

**केटी न्यूज/पटना**

सुरक्षित गर्भपात मातृ मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुरक्षित गर्भपात के प्रति आमजन में जागरूकता लायी जा रही है। असुरक्षित गर्भपात की समस्या को दूर करने के लिए युक्ति योजना कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम का संचालन राज्य में पब्लिक प्राइवेट पार्टरनशिप के तहत 23 अप्रैल 2011 से किया जा रहा है। युक्ति योजना कार्यक्रम की मदद से मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों में गर्भवती महिलाओं को गर्भकाल के प्रथम तिमाही तक निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित गर्भपात की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। देश भर में बिहार ऐसा पहला राज्य है जहां सुरक्षित गर्भपात के लिए निजी क्लिनिकों में यह सुविधा उपलब्ध



करायी गयी है। इस योजना के तहत जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों को प्रति सुरक्षित गर्भपात कराने पर 1000 रुपए की धनराशि प्रदान करायी जाती है।

**सुरक्षित गर्भपात अपनाने की सलाहः** सुरक्षित गर्भपात के लिए मिलने वाली सुविधाओं तथा असुरक्षित गर्भपात से बचने की सलाह देते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, मातृ स्वास्थ्य, डॉ. सरिता ने बताया सुरक्षित गर्भपात के लिए युक्ति योजना कार्यक्रम को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया सुरक्षित गर्भपात मातृ-मृत्यु दर में कमी लाने में मददगार होता है। कई बार गर्भवती महिलाएं असुरक्षित साधनों की ओर रुख कर लेती हैं जो उनकी जान के लिए खतरा होता है। ऐसे में यह आवश्यक है कि लोगों को सुरक्षित गर्भपात की जानकारी हो। युक्ति योजना का उद्देश्य ऐसे ही मामलों में सुविधा प्रदान करना है। डॉ. सरिता ने बताया कि निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित गर्भपात सुनिश्चित कराने के लिए राज्य की 24 जिलों में 88 मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों में सुविधा उपलब्ध है। युक्ति योजना कार्यक्रम के तहत अगस्त, 2023 तक मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों में 1 लाख 88 हजार 672 महिलाओं ने सुरक्षित गर्भपात की सेवा पायी है।

### असुरक्षित गर्भपात से खतरे

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक असुरक्षित गर्भपात मातृ मृत्यु का एक बड़ा कारण है। यह महिलाओं के मानिसक एवं शारीरिक स्वास्थ्य जटिलता बढ़ाने के साथ महिला, समुदाय एवं स्वास्थ्य प्रणाली पर सामाजिक एवं आर्थिक बोझ का कारण भी बन सकता है। असुरक्षित गर्भपात से महिलाओं में अपूर्ण गर्भपात, अत्यधिक रक्त स्त्राव, संक्रमण के साथ जननांग एवं आंतरिक अंगों में क्षति का खतरा भी बढ़ता है। दुनिया में हर साल 5.6 करोड़ महिलाएं गर्भपात कराती हैं। इसमें 45 फीसदी गर्भपात असुरक्षित होते हैं। सुरक्षित गर्भपात प्रशिक्षित डॉक्टरों की ओर से विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्धारित निदेशों का पालन करते हुए कराया जाता है। दुनिया में 55 फीसदी गर्भपात सुरक्षित गर्भपात की श्रेणी में आते हैं।



# आस्था: संतान की लम्बी आयु के लिए माताओं ने रखा निर्जला व्रत

**केटी न्यूज/मऊ**





जनपद मुख्यालय सहित गाँवों में माताओं ने अपने पुत्र कि लम्बी आयु के लिए निर्जला व्रत रखकर जीवित्पुत्रिका की कथा सुना। इस दौरान सनातनधर्मावलंबी महिलाओं ने पूजन सामग्री लेकर विभिन्न जलाशयों पर पहुंच स्नान ध्यान कर पूजा पाठ किया ।ऐसी मान्यता है कि इससे पितर संतुष्ट होते हैं और आशीर्वाद देते हैं। जिससे संतानों की आयु बढ़ती है। इसके बाद संतानों की लम्बी आयु की कामना को लेकर सनातन धर्मावलंबी महिलाएं भगवान जिऊत को खुश करने के लिए शुक्रवार को दिन-रात उपवास रखते हुए शनिवार को निर्धारित अवधि में अपना-अपना उपवास तोड़कर भोजन करेंगी। अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जीवितपुत्रिका पर्व मनाया जाता है। इसे जिउतिया, जितिया या जीवितपुत्रिका (जीवित्पुत्रिका) व्रत भी कहा जाता है। पुत्र के दीर्घ, आरोग्य और सुखमयी जीवन के लिए इस दिन माताएं व्रत रखती हैं। तीज की तरह यह व्रत भी बिना आहार और निर्जला रखना पड़ता है। सनातन धर्मावलंबियों में इस व्रत का खास महत्व है। वंश वृद्धि व संतान की लंबी आयु के लिए महिलाएं जिउतिया का निर्जला व्रत रखती हैं। इस दिन माताएं अपनी सन्तानों की सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिये 24 घंटे तक निर्जला उपवास करती हैं। इसे भी महापर्व छठ की तरह तीन दिन पूरे विधि -विधान के साथ किया जाता है।

क्षेत्र के पिपरिडीह ,रेकवारडीह, खरगजेपुर, ब्राह्मणपूरा, मिजार्पुर, भार आदि जगहों धूम रही। इसी क्रम में मोहम्मदाबाद गोहना मऊ जिउतिया पर्व को लेकर बिना अन्य जल ग्रहण कीजिए महिलाएं फल फूल एवं पूजन के समान को लेकर नजदीक के सरोवर पर शुक्रवार को पहुंची जहां महिलाओं द्वारा महालक्ष्मी की कथा सुनने के पश्चात अपने पुत्र की दीघार्यु स्वास्थ्य तथा परिवार की सुख शांति है तो कामना करते हुए पूजन किया इस सरोवर में नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्ले से पहुंची महिलाओं ने दूसरों की कथा सुनी तथा ब्राह्मणों को यथाशक्ति दान पुण्य भी किया इस मौके पर पुरोहित वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि जिउतिया के इस पर्व पर महिलाएं अपने पुत्र की दीघार्यु के लिए परिवार में सुख समृद्धि शांति है तो कामना करती हैं।

# सनसनी: कटरिया मोड़ के पास मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/बलिया**

फेफना थाना क्षेत्र के मिड्डा गांव के कटरिया मोड़ के पास शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव मिला। जिससे सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। इसबीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। घटना को लेकर तरह–तरह की चचाएं व्याप्त है। शव की शिनाख्त सत्यम पांडेय 25 पुत्र स्वर्गीय सन्तोष पांडेय निवासी पौहाड़ीपुर थाना फेफना के रूप में परिजनों द्वारा की गई। मृतक के पिता टाउन इंटर कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत थे, जिनकी कुछ दिन पहले ही मृत्यु हो गई है। युवक दो भाइयों में छोटा था। फेफना थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि युवक की मौत कैसे हुई है। युवक का इस तरह शव मिलने से लोगों में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त है।

## खबरें फटाफट

### धारदार हथियार से युवक पर हमला, घायल



**सिकंदरपुर।** थान क्षेत्र के डोमनपुरा मुहल्ला निवासी चंदन शर्मा शुक्रवार की दोपहर तहरीर देकर पैसे के लेनदेन के विवाद में खुदके उपर धारदार हथियार से हुए हमले की जानकारी दी। पुलिस ने हमलावर को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। तहरीर में चंदन ने जिक्र किया कि पैसे के लेनदेन को लेकर गुरुवार की रात लगभग दस बजे जब वे अपना भतीजा अंकिता शर्मा को लेकर बारापन्नों गांव स्थित नए मकान में जा रहा था कि डोमनपुरा मुहल्ला स्थित पुलिया के पास धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर मचाने पर कुछ दूरी पर खड़े लोगों ने आकर बीच बचाव कर उसे बचाया तथा 112 नंबर पुलिस को सूचना देकर पुलिस को बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हमलावर को हिरासत में लेकर गंभीर रूप से घायल चंदन को अस्पताल पहुंचाया। दूसरे दिन यानी शुक्रवार को तहरीर मिलने के बाद पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

### करंट की चपेट में आने से बालक की मौत

**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र के बांसडीह नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 पश्चिम टोला में शुक्रवार की दोपहर करंट लगने से चार वर्षीय बालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोसटमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बांसडीह नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 पश्चिम टोला निवासी बुधन राजभर का चार वर्षीय पुत्र यश घर के बाहर बजरंगबली की मूर्ति के लिए महावीरी झंडा के दौरान बनाए गये करकट शेड के पास चला गया, तभी किसी प्रकार करंट की चपेट में आने से अचेत हो गया। आनन–फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**गडवार।** स्थानीय पुलिस ने सिंहाचवर चट्टी के बाहर स्थित कोका कोला कंपनी खंडहर के पास से 20 लीटर अपमिश्रित शराब के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया। गडवार थाना अध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया कि बलिया पुलिस अधीक्षक एस आनंद के निर्देश पर अवैध कच्ची शराब रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में महत्वपूर्ण सफलता मिली है पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की सिंहाचवर गांव के बाहर स्थित कोका-कोला कंपनी के पास तीन शराब तस्कर मनोज यादव ,पंकज शर्मा और पंकज यादव जो फिटकरी यूरिया नौसादर मिलकर कच्ची शराब बना रहे हैं पुलिस ने मुखबिर की बातों को विश्वास करते हुए मौके से दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जबकी एक फरार हो गया इस कारवाई से शराब बनाने वाले तश्करो मे हडकंप मचा हुआ है।

## तहसील घोसी में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न

# राजस्व वादों के निस्तारण में बिलंब पर तहसीलदार को लगाई फटकार

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में तहसील घोसी के विभिन्न न्यायालयों में 20 सितंबर तक लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक1 कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई।

तहसील घोसी के तहसीलदार कोर्ट में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान कुल लंबित 2584 वादों के सापेक्ष अब तक मात्र 184 मामलों के निस्तारण पर तहसीलदार को कड़ी फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी ने कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। तहसीलदार न्यायालय न्यायिक में कुल लंबित 1261 मामलों के सापेक्ष 20 सितंबर के उपरांत अब तक मात्र 48 मामलों के निस्तारण पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार घोसी को वादों के निस्तारण में तेजी लाते हुए इसमें सुधार के निर्देश दिए। इसके साथ ही उप जिलाधिकारी घोसी को समस्त लंबित फाइलों का स्वयं अध्ययन करते हुए नियमानुसार यथा शीघ्र मामलों के निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उप जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक की कोर्ट में धारा 24 के अंतर्गत दाखिल वाद 3330 जिसमें लंबित मामले 817, धारा 101 के अंतर्गत दाखिल वाद 45 जिसमें लंबित मामले मात्र 03, धारा 116 के अंतर्गत दाखिल मामले 1583 जिसमें लंबित मामले 850, धारा 34 के अंतर्गत 26255 जिसमें लंबित मामले 2885 एवं धारा 67 के अंतर्गत दाखिल वादों की संख्या 1880 जिसमें 1354 मामलों के लंबित होने पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की जिन वादों में फील्ड बुक आ गई है एवं आपत्तियां नहीं है तथा जिन वादों में पक्षकार उपस्थित नहीं हो रहे है,उन्हें तत्काल निस्तारित कराएं। साथ ही आपत्ति वाले मामलों में तत्काल सुनवाई करते हुए समस्त लंबित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी न्यायिक के 1008 लंबित मामलों के सापेक्ष अब तक मात्र 81वादों के निस्तारण को देखते हुए समस्त फाइलों का अध्ययन कर समस्याओं को दूर करते हुए तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने ऐसी समस्त फाइलों में, जिसमे पक्षकार उपस्थित नहीं हो रहे हैं, उन मामलों को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा धारा 24 एवं धारा 116 के तहत लंबित वादों में भी आवश्यक कार्रवाई करते हुए लंबित मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जिलाधिकारी ने कार्रवाई करने की चेतावनी दी

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी, वृक्षारोपण समिति, पंचायती राज विभाग के कार्यों, मनरेगा कार्यो तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय में संपन्न हुई। जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक के दौरान व्यक्तिगत शौचायलयों हेतु लाभार्थियों को भेजे जाने वाले प्रथम एवं द्वितीय किस्त की समीक्षा के दौरान इस वर्ष जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए लाभार्थियों की सूची में अनियमितता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी कोफटकार लगाते हुए चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। भविष्य में ऐसी गलती पाए जाने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी। वहां उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को किसी भी फाइल को प्रस्तुत करने के पहले ठीक ढंग से परीक्षण करने के निर्देश दिए।

# संपत्ति रजिस्ट्री कराने के लिए पिता के सामने सौतेले भाई-बहन के बीच हुई धक्का मुक्की

**केटी न्यूज/बेल्थरारोड**

तहसील परिसर में रजिस्ट्री कार्यालय के सामने शुक्रवार की दोपहर संपत्ति रजिस्ट्री कराने के लिए भाई बहन में जमकर धक्कामुक्की हुआ। वृद्ध पिता का हाथ पकड़कर भाई बहन के बीच करीब 20 मिनट तक हुए खींचतान से अचानक पिता अचेत होकर गिर पड़े, बावजूद भाई बहन में जमकर गाली गलौज हुआ। इस दौरान बीच बचाव कर रहे अधिवक्ताओं से भी गाली गलौज हुआ।

महिला के साथ रसड़ा से पहुंचे संदिग्ध भू कारोबारियों ने अधिवक्ताओं से भी धक्का मुक्की किया। जिससे अधिवक्ताओं में भी रोष व्याप्त हो गया। हालांकि विवाद के कारण रजिस्ट्री नहीं हो सका। लेकिन संपत्ति के लिए रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर करीब आधे घंटे तक दंगल का माहौल रहा और पूरे तहसील में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही उभांव थाना से पुलिस भी पहुंच गई लेकिन तब तक बावली भाग निकले। बताया जा रहा है कि बहोरवां गांव के पूर्व प्रधान शेख ग्यास अहमद के पिता निसार सेठ ने दो शादी किया था। पहली पत्नी से पूर्व प्रधान शेख ग्यास अहमद अकेले संतान है। जबकि दूसरी पत्नी से दो पुत्री और एक पुत्र है। वृद्ध पिता के स्थिति का फायदा उठाते हुए छोटी पुत्री रफत गांव की पूरी संपत्ति अपने नाम रजिस्ट्री कराने के लिए शुक्रवार को रसड़ा के कुछ भू कारोबारी के साथ तहसील पहुंची। जिसका अंदेशा पहले से होने के कारण पूर्व प्रधान पहले से ही तहसील में मौजूद थे। जिसने पिता को देखते ही एक संतान के नाम पूरी संपत्ति लिखने का विरोध किया। इस बीच साथ में आएं दबंग भू कारोबारी उनसे उलझ गए। देखते ही देखते संपति को लेकर पिता के सामने ही भाई बहन में जमकर बवाल हुआ। गाली गलौज, धक्का मुक्की, धमकी के कारण मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा व्याप्त हैं।




### जानलेवा हमला करने के आरोपी गिरफ्तार

**सिकंदरपुर।** स्थानीय पुलिस ने हत्या के प्रयास करने के आरोपी को शुक्रवार की दोपहर लीलकर गेट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान कर दिया। आरोपी के पास से हमला में प्रयुक्त चापड़ को भी बरामद किया। आरोपी नरेन्द्र उपाध्याय पुत्र विक्रमा उपाध्याय डोमनपुरा का रहने वाला है। नरेंद्र के खिलाफ सिकंदरपुर थाने में हत्या के प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। नरेंद्र ने पैसे के लेनदेन को लेकर चंदन पर जानलेवा हमला कर दिया था। इसी मामले में सिकंदरपुर थाने में चंदन की तहरीर पर नरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नरेंद्र उपाध्याय लीलकर गेट के पास खड़ा है, तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद हमला में प्रयुक्त चापड़ को भी बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी नरेंद्र के खिलाफ सिकंदपुर में हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था।

# इंसानियत: बेसहारा बुजुर्ग महिला की आंखों का हुआ सफल ऑपरेशन

**केटी न्यूज/मऊ**



❒ पत्रकार के सहयोग से चिकित्सक ने महिला का किया इलाज

एक पत्रकार के सहयोग से एक बेसहारा बुजुर्ग महिला के आंख का सफल ऑपरेशन किया गया। आपको बता दें कि वृद्ध महिला जमीला पति के गुजरने के बाद अपने खुद के बच्चों का सहारा ना मिलने पर मऊ नगर के मुंशीपुरा मोहल्ले में आ गई जहां एक व्यक्ति ने दरियाली दिली दिखाते हुए वृद्ध महिला को एक कमरा दे दिया। लगभग 10 वर्षों से इधर-उधर भीख मांग कर गुजार करती थी। इस दौरान रोज एक पत्रकार के घर पानी भरने जाया करती थी। वृद्ध महिला काफी दिनों से परेशान दिख रही थी उसकी आंखों से कम दिखाई पड़ रहा था। हुआ यूं कि एक दिन वृद्ध महिला पानी भरने के लिए पत्रकार के घर आई तो पत्रकार ने महिला को परेशान देखाऔर परेशानी पूछी तो महिला ने बताया कि आंख से बहुत कम दिखाई देता है और अब मैं काम नही कर पा रही हूँ। तो पत्रकार ने सारा काम धाम छोड़कर अपनी पत्नी के साथ वृद्ध महिला को जिला अस्पताल में ले जाकर आँख की जाँच कराया तो पता चला कि मोतियाबिंद की शिकार है। पत्रकार ने डॉक्टर एलएस चौबे से परामर्श लिया तो चिकित्सक ने ऑपरेशन की सलाह दी और चिकित्सक ने तुरंत पत्रकार के सहयोग से वृद्ध महिला का सफल ऑपरेशन किया।

### माल्देपुर से ही सीधे जा सकेंगे लखनऊ-दिल्ली

**बलिया।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ ही नहीं दिल्ली आदि कहीं भी जाने के लिए जनपद के लोग सीधे बलिया से ही एक्सप्रेस वे पर चढ़ सकेंगे। जी हां प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे को माल्देपुर में जोड़ने की स्वीकृति दे दी है। बताना लाजिमी है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को बलिया से जोड़ने के लिए मांझी से बाराचवर तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण होना है। इसके लिए टेंडर व जमीन खरीदने आदि की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ऐसे में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे से बलिया में कट देने की मांग लोग लगातार कर रहे थे। इसे देखते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध किया था। केंद्रीय मंत्री ने बलिया को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए माल्देपुर में कट देकर उसे माल्देपुर से कदम चौराहा तक बन रहे फोरलेन से जोड़ने की स्वीकृति दे दिए हैं।

## मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, बोले...

# पीएचसी की व्यवस्था को अविलंब सुधारें

**केटी न्यूज/मऊ**



मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा विकासखंड कोपागंज के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपागंज के अधीन उपकेंद्र डाडी हेल्थ वैलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यूनिसेफ के प्रतिनिधि सहित एएनएम तथा संविदा एएनएम, दो आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान उपकेंद्र के एक कमरे में ही डिलीवरी रूम तथा शौचालय बना हुआ पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए इसको सुधारने के निर्देश दिए। केंद्र में विद्युत व्यवस्था व्यवस्थित भी ठीक ढंग से नहीं होने एवं कमरे में पर्याप्त मात्रा में रोशनी न होने पर केंद्र अधीक्षक को सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप केंद्र में अभिलेखों का रख रखाव ठीक ढंग से नहीं पाया गया एवं लिस्ट के अनुसार केंद्र में कितनी वैक्सीन लगती है तथा टीकाकरण हेतु कितनी वैक्सीन की मात्रा होनी चाहिए इसकी कोई डिमांड पंजिका नहीं पाई गई। निरीक्षण में ड्यू लिस्ट बीएचएआर रजिस्टर से क्रॉस चेक करने पर ड्यू लिस्ट अपडेट नहीं पाई गई तथा एएनएम के पास सत्रवार वैक्सीन मांग पत्र भी नहीं मिला। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ड्यू लिस्ट को मेंटेन रखने तथा एएनएम को सत्रवार वैक्सीन की मांग पत्र को सक्रिय रखने के सख्त निर्देश दिए।

### वैलनेस सेंटर की सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित रखें

मुख्य विकास अधिकारी ने केंद्र अधीक्षक को सख्त निर्देश दिए की हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित रखें तथा जो भी दवाएं एवं वैक्सीन की कमी होती है उसको तत्काल केंद्र पर उपलब्ध कराए। केंद्र पर आने वाले सभी मरीजों का ठीक ढंग से इलाज करने के भी निर्देश दिए एवं किसी भी मरीज को बेवजह परेशान करने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा केंद्र के कर्मचारियो को सौंपे गए दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए तथा लापरवाही मिलने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी।



## खबरें फटाफट

### प्रारंभ हुई ईवीएम और वीवीपैट की एफएलसी

**गाजीपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोगार्थ प्रस्तावित मतदेय 2936, मतदेय स्थलों के सापेक्षा 4698-बीयू, 3964-सीयू एवं 4258-वीवीपैट मशीनों का एफएलसी का कार्य विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान (आरटीआई) स्ट्रांग रूम खोलकर बीईएल बैंगलोर द्वारा नामित इंजीनियर्स के माध्यम ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी प्रारम्भ किया गया। मौके पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने भी एफएलसी के कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसी टीवी कैमरा को चेक किया एवं आदेश दिया कि कोई भी फर्जी व्यक्ति इस कैंपस में नहीं आए और इस मॉनिटर के पास पल-पल की निगरानी रखी जाए। इसी क्रम में एंट्री रजिस्टर को भी चेक किया एवं आदेश दिया कि प्रत्येक उस व्यक्ति का एंट्री और एग्जिट रजिस्टर पर नाम चढ़ाया जाय। जिस व्यक्ति की यहां पर ड्यूटी है एवं अवैध कोई व्यक्ति ना आए। मौके पर अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### रूफ टाफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करें अधिकारी

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में भू-जल सप्ताह के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।इसमें जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के समस्त विभागाध्यक्षों को अपने सरकारी व अर्द्धसरकारी भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफ टाफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित कराने एवं जल संचन के अन्तर्गत कार्य कराने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने स्तर से जनसम्पर्क करें। कार्यशाला में बताएं गए बिन्दुओं का पालन करते हुए जनता को भूजल का विवेक पूर्वक उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। जिससे गिरते हुए भूगर्भ जल को सरंक्षित रखा जा सकें। सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा शासन के निर्देश के अनुसार वर्ष 2023 के मुख्य विचार बिन्दु यह संकल्प निभाना है।इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनपद की महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक मनाया जीवित्पुत्रिका का व्रत

**गाजीपुर।** हिंदू धर्म में संतान की दीघार्यु और खुशहाल जीवन के लिए किए जाने वाले व्रतों में जितिया व्रत का विशेष महत्व है। इस पर्व के अवसर पर व्रती महिलाओं ने अपने नजदीकी पोखरों, तालाबों, नदियों के घाटों के किनारों पर पूजा अर्चना कर मनायी।इस बात को लगभग सभी लोग जानते हैं कि जितिया पर्व तीन दिन तक चलता है। इस त्योहार की शुरूआत सप्तमी तिथि पर नहाय खाय के साथ होती है, जिसमें महिलाएं स्नान के बाद पूजा का सात्विक भोग बनाती हैं, जबकि दूसरे दिन अष्टमी को निर्जला व्रत किया जाता है और नवमी तिथि पर इसका पारण किया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को महिलाएं जितिया यानी जीवित्पुत्रिका व्रत का निर्जला उपवास रखती हैं इस वर्ष 06 अक्टूबर को यह पर्व मनाया जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि जो भी माताएं इस व्रत को करती हैं, उनकी संतानों को दीघार्यु और खुशहाल जीवन का वरदान मिलता है। जीवित्पुत्रिका व्रत को देश के विभिन्न हिस्सों में जिउतिया, जितिया, जीवित्पुत्रिका, जैसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है।मुख्य तौर पर उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में इस त्योहार को पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाता है।

# अच्छी पहल : टीबी मुक्त होंगे ग्राम पंचायत, प्रधान निभाएंगे मुख्य भूमिका

♦ जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग का आयोजन

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में गुरुवार देर शाम टीबी मुक्त अभियान के तहत टीबी मुक्त पंचायत एवं फैमिली केयर गिवर संबंधित ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग का जनपद स्तर पर आयोजन किया गया।

टीबी मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य हासिल करने के लिए अब पंचायत को टीबी मुक्त करने के साथ साथ फैमिली केअर गिवर जिसमें टीबी मरीज के परिवार का ही सदस्य उसकी देख रेख के लिए सीएचओ द्वारा प्रत्येक हेल्थ न एंड वेलनेस सेन्टर पर ही प्रशिक्षित किये जाएंगे।जिला पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर किए जा रहे प्रयास को गति देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया ,ताकि क्षय रोग के उपचार का बेहतर अनुपालन होने से सुखद परिणाम मिलेगे यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वाईके राय ने दी विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाहकार डॉ सौरभ श्रीवास्तव की उपस्थिति में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश कुमार एवं जिला समन्वयक पूजा राय ने प्रशिक्षण दिया। जिसमें एडीओ पंचायत, जनपद स्तरीय कोर्डिनेटर, एसटीएस, एसटीएलएस, टीबीएचवी, बीसीपीएम, बीपीएम, एचईओ, एनएमएस ने प्रतिभाग किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि इसके लिए हर क्षय रोगी के लिए उसके परिवार या करीबी लोगों में से ऐसे व्यक्ति को चिन्हित किया जाएगा।

### सभी लक्षणयुक्त मरीज की जांच हो

डीपीसी पूजा राय ने बताया कि ग्राम प्रधान, आशा , आंगनवाड़ी एवं सीएचओ की मदद से गांव के सभी लक्षणयुक्त मरीज की जांच करवा कर उन्हें समय से दवाई उपलब्ध कराई जा सके' ताकि प्रधानमंत्री के लक्ष्य 2025 तक भारत टीबी संक्रामक बीमारी से मुक्त हो सके।

**डीएम ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण**

# मृत पौधों के स्थान पर नए पौधे सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएम

♦ सभी पौधों की सुरक्षा, सिंचाई तथा निराई-गुड़ाई समय से होती रहे

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें डीएम ने बिन्दुवार उपस्थित अधिकारियों से समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण से संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि कराएं गए वृक्षारोपण की जियो टैगिंग शत-प्रतिशत तत्काल पूर्ण कर लिया जाए। वहीं डीएम ने पूर्व सूचना के बाद भी बैठकों में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अधिकारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश प्रभागीय वनाधिकारी को दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासनादेश के अनुरूप कराये गये वृक्षारोपण की सुरक्षा प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। संबंधित विभाग द्वारा कराए गए वृक्षारोपण का नोडल अधिकारी वृक्षारोपण के भौतिक सत्यापन करें। कहा की रोपण किए गए पौधो में यदि कोई पौधा मृत हो गया है तो उस गड्ढे में पुनः वृक्षारोपण का कार्य सुनिश्चित हो। आप सभी लोगो का दायित्व है की सभी पौधो की सुरक्षा,सिंचाई तथा निराई- गुड़ाई समय से होती रहे। जिलाधिकारी द्वारा पर्यावरण पर चर्चा करते हुवे ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट निस्तारण पर बात की गई।साथ ही बायो मेडिकल अपशिष्ट पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया की जनपद के सभी सरकारी गैर सरकारी हॉस्पिटलों में इसका शत प्रतिशत कड़ाई से पालन कराया जाए। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मिलेट्स महोत्सव के रोड शो का डीएम ने किया शुभारंभ

**गाजीपुर।** कृषि विभाग द्वारा जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव एवं रोड-शो का आयोजन स्थान राईफल क्लब से मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा झंडा दिखाकर शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी ने श्री अन्न के उत्पादन पर जोर दिया तथा बताया कि अन्न मे आवश्यक खनिज व पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो कुपोषण को दूर करता है। इसकी खेती बिना रासायनिक उर्वरक के भी सुगमता पूर्वक की जाती है। जनपद में 16000 हेक्टेयर में बाजरा का उत्पादन किया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरे विश्व में मिलेट्स ईयर मनाया जा रहा है। मिलेट्स का मुख्य उत्पादक देश भारत है। प्रधानमंत्री का सपना है कि इस महत्वपूर्ण अनाज का प्रचार-प्रसार पूरे विश्व में किया।

### अधेड़ से मारपीट कर मोबाइल व नकदी लूटी

**गाजीपुर।** मरदह थाने के डगरहा गांव के पास बाइक से बोगना जा रहे मिक्ससिग मशीन संचालक बरहीं गांव निवासी राजन राम (50) एवं बाइक पर पीछे बैठे रामाश्रय राम (46) की बाइक रोककर मारपीट कर छह की संख्या में लुटेरों ने मारपीट कर मरणासन्न कर दिया।

घायलावस्था मे थाने पहुँचे राजाराम ने बताया कि मारपीट कर मोबाइल एवं नकदी लूटकर बोगना गांव की तरफ फरार हो गए। दोनों घायलों का उपचार मरदह सीएचसी पर कराया गया। दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है। राजाराम के अनुसार बरहीं गांव से वह अपने साथी रामाश्रय राम के साथ फोर लेन मार्ग से डगरहा गांव होकर बोगना गांव में मिक्ससिग मशीन से हो रहे काम को देखने जा रहा था। डरहरा के पास छह की संख्या में युवकों ने घेर कर बुरी तरह दोनों लोगों को मारपीट कर मोबाइल, नकदी छिनकर भाग गए। मरदह थानाध्यक्ष सुरेंद्रनाथ सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर राजन राम एवं उनके साथी को मारपीट कर घायल किया गया है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

## सीएमएस को ज्ञापन सौंपकर मांगा तीन माह का बकाया वेतन



**केटी न्यूज/चंदौली**

जिला मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति संयुक्त जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, संविदा कर्मी और फर्मासिस्ट सहित सैकड़ों कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। ऐसे में शुक्रवार को नाराज कर्मचारियों ने सीएमएस डा. उर्मिला सिंह को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। बताया कि 12 अक्टूबर से सभी चिकित्सक और कर्मचारी दो घंटे का कार्य बहिस्कार करेंगे। जिसके चलते स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहेंगी।

जिला अस्पताल के कर्मचारियों और चिकित्सकों ने बताया कि उन्हे जुलाई, अगस्त और सितंबर माह में वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि शासन की मंशा के अनुरूप सभी लोग नियमित रूप से अस्पताल में सेवाएं प्रदान कर रहे है।मौसम के परिवर्तन के चलते जिला अस्पताल में ओपीडी एक हजार से अधिक हो चुकी है। लेकिन इस दौरान स्वास्थ्य विभाग में तैनात सभी चिकित्सक, संविदा कर्मी, फमासिस्ट सहित अन्य लोग मरीजों के उपचार में जुटे है। मांगे पूरी नहीं होने पर सभी कर्मचारी नौ और दस को बांह पर काली पटट्टी बांधकर विरोध रूवस्प कार्य करेंगे। इसके बाद 12 से 14 अक्टूबर को दो घंटे तथा 16 से 18 अक्टूबर को चार घंटे कार्य बहिस्कार करेंगे।

### छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने आदि की संशोधित समय-सारणी जारी

**गाजीपुर।** शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) वितरण के क्रियान्वयन के लिए समय सारिणी शासन द्वारा जारी किया गया है। जिसमें पूर्वदशम विद्यालयों का मास्टर डाटावेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने, छात्रवृत्ति वितरण करने आदि का संशोधित समय-सारणी जारी है। निर्गत समय सारिणी के सात अगस्त से 30 सितम्बर तक मान्यता प्राप्त नवीन शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटावेस में सम्मलित होने के लिए आवेदन करने, पासवर्ड प्राप्त करना एवं संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा अपडेट किए जाने आदि सम्बन्धित कार्रवाई की जानी है। छात्र-छात्राओं द्वारा 10 नवम्बर तक छात्रवृत्ति आनलाईन आवेदन पत्र भरा जाना, ऑनलाइन आवेदनपत्र की हार्ड कापी छात्र-छात्राओं द्वारा वांछित अभिलेखों संलग्नकों सहित विद्यालय पर जमा करने की अन्तिम तिथि आवेदन पत्र भरने के 07 दिन के अन्दर, विलम्बतम 20 नवम्बर तक।

## ग्रामीणें को चौपाल में सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**केटी न्यूज/चंदौली**

सकलडीहा विकास खण्ड के बसनी पंचायत भवन प्रांगण में चलो चंदौली ग्राम चौपाल प्रशासन आपके द्वार जन चौपाल के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

जन चौपाल के दौरान खंड विकास अधिकारी केके सिंह ने सरकार के विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी ।गांव की तमाम समस्याओं से ग्रामीणों से रूबरू भी हुए। कहाकि हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय ने कहा कि आवास,शौचालय, जल जीवन मिशन, वृद्धा, विधवा विकलांग पेंशन सहित तमाम कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप तक सीधे पहुंचाने का काम किया जा रहा है। जन चौपाल में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का रस्म पूरा किया। वही बच्चों को अन्न प्रासन्न भी कराया।इससे पूर्व खाद्य रसद विभाग, पंचायत विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, एनआरएलएम विभाग सहित अन्य विभागों के स्टालों का अवलोकन किया।

**देश के वरिष्ठ पत्रकारों की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा पत्र**

# पत्रकारों की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर हमला

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कांग्रेस पार्टी द्वारा देश के वरिष्ठ पत्रकारों के यहां छापे की कार्रवाई के बाद उनकी गलत धाराओं में गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कांग्रेस ने जमकर नारेबाजी की।

कहा पत्रकारों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में, कांग्रेस ने इसे केंद्र सरकार के इशारे पर हुई उत्पीड़न की कार्रवाई बताया है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील राम की अगुवाई में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकताओं और बुद्धिजीवी वर्ग ने गांधीवादी तरीके से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति जी को संबोधित एक पत्रक जिलाधिकारी गाजीपुर के माध्यम से भेजा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील राम ने केंद्र की मोदी सरकार को न्यूज क्लिक वेबसाइट से जुड़े ठिकानों



और वरिष्ठ पत्रकारों पर गलत छापेमारी का आरोप लगाया है और कहा है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सरकार डरा धमका कर अपने नियंत्रण में रखना चाहती है और जो भी इनके काले कारनामों का सच जनता को दिखाता है उसपर ये भाजपा सरकार उत्पीड़नात्मक कार्यवाही कर रही है, उन्होंने बताया कि गाजीपुर के भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के मस्तीपुर निवासी सुरेश चंद पांडे वरिष्ठ पत्रकार दैनिक शुभ भास्कर और नेशनल न्यूज 9 के रिपोर्टर की पिटाई के बाद गलत तरीके से एफआईआर निंदनीय है इसका भी विरोध जिला कांग्रेस कमेटी करती है। वहीं शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा ने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए इसे मोदी सरकार का षड्यंत्र बताया। वहीं प्रवक्ता अजय श्रीवास्तव ने बताया कि पत्रकारों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में है, 3 अक्तूबर को नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली में 7 पत्रकारों के घर पर रेड डाली गई थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पत्रकारों के घर रेड डाली, इसके बाद उन्हें हिरासत में भी लिया। पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ जिलाधिकारी को पत्र देने वालों में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य रविकांत राय,प्रदेश सचिव डॉक्टर जनक कुशवाहा, पीसीसी सदस्य लाल साहब यादव, चंद्रिका सिंह,बटुक नारायण मिश्रा राम नगीना पांडे ज्ञान प्रकाश सिंह हामिद अली रतन तिवारी दिव्यांशु पांडे ,सतीश उपाध्याय, मनीष राय, धर्मेंद्र कुमार, सुधांशु तिवारी ,आलोक यादव, शंभू सिंह कुशवाहा, संगीता राजभर, प्रमिला भारती, राजेश कुमार गुप्ता, अनुराग पांडे , सूरज खरवार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### स्वच्छता जागरूकता अभियान के अनुक्रम में बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के द्वारा निर्देशित स्वच्छता जागरूकता अभियान के अनुक्रम में शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र प्रकाश तिवारी के विश्राम के कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता विषय अन्तर्गत चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किए जाने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में दीपेन्द्र कुमार गुप्ता सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक के यहाॅ से प्रधानाचार्य सिटी इण्टर कालेज एवं जिला सूचना विभाग के कम्प्यूटर आपरेटर धनंजय प्रजापति उपस्थित थे। इस बैठक यह निर्णय लिया गया कि 09 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण विजेता प्रतिभगियों को लुदर्स कान्वेंट बालिका इण्टर कालेज, तुलसी सागर में किया जायेगा।

## एक नजर

### संतान की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत



**चंदौली।** पुत्र की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने शुक्रवार को निर्जला जीवित्पुत्रिका व्रत रखा। पूरे दिन व्रत रहने के बाद शाम को स्नान ध्यान करने के उपरांत नए वस्त्र धारण कर मंदिर व अपने घरों में पुरोहित से कथा का श्रवण किया। कथा श्रवण करने के बाद अपने से बड़ों का पैर छूकर स्वयं व बच्चे की दीघार्यु के लिए आशीर्वाद लिया। पूजा करने के लिए महिलाओं की भीड़ सरोवरों के तटों व मंदिरों में एकत्र हुई। जनपद जीवित्पुत्रिका व्रत को लेकर बाजारों और ग्रामीण अंचलों में काफी धूम देखने को मिली। जहां चंदौली नगर में विभिन्न तालाबों पर माताओं ने पूजा पाठ किया। वहीं ग्रामीण अंचलों में भी माता ने अपने पुत्र की दीघार्यु के लिए व्रत रहकर पूजन अर्चन किया। जहां माताएं अपनी संतान की आयु आरोग्य और उनके कल्याण के लिए इस महत्वपूर्ण व्रत को रखती हैं।

### सूर्य प्रकाश पांडेय को मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान का प्रशस्ति पत्र



**चहनियां (चंदौली)।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय महूअर कला स्थित परिसर में आयोजित खंड स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी खंड शिक्षा अधिकारी चहनिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमे सूर्य प्रकाश पांडेय प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कैथी द्वितीय को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सूर्यमुनि तिवारी प्रभारी विधानसभा सकलडीहा ने अपने संबोधन में शिक्षको से कहा कि आज के परिवेश में बच्चो को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ ही अच्छे संस्कार व खेल कूद की जरूरत है । जिससे बच्चो के मानसिक व शारीरिक विकास हो सके । इस अवसर पर अरुण कुमार जायसवाल ब्लॉक प्रमुख चाहनिया, राजेश कुमार राय पुलिस क्षेत्राधिकारी सकलडीहा , ओम प्रकाश सिंह यादव शिक्षक,बीरेंद्र सिंह यादव प्रधानाध्यापक हृदयपुर , अशोक सिंह शिक्षक , ओमकार जी सहित अन्य शिक्षक , अभिभावक व छात्र छात्राए , उपस्थित रहे।

### सपा के पूर्व विधायक ने उठाया काला धान की खरीद का मुद्दा, किसानों का नहीं हुआ भुगतान



**चंदौली।** सैयदराजा से सपा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने शुक्रवार को नवीन मंडी समिति में काला धान की खेती करने वाले किसानों के साथ बैठक किया और उनके दर्द को सुना। किसानों ने बताया कि काला धान बेंचने के बाद एक एफपीओ के द्वारा किसानों का भुगतान नहीं किया गया। किसानों की बात सुनने के बाद पूर्व विधायक ने अफसरों और एफपीओ के लोगों को एक सप्ताह में किसानों के उपज का भुगतान करने का सुझाव दिया। चेताया कि अगर ऐसा नहीं किया तो वह किसानों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होगे। इसके बाद सदर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर किसानों की मांगों से अवगत कराया। उन्होने कहा कि काला धान की पहचान को जिला प्रशासन ने जिले की पहचान से जोड़कर इसे देश ही नहीं विश्व पटल पर ख्याति प्राप्त कराने का काम किया गया। एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत जिले के अधिकारियों ने किसानों को प्रेरित करने इसकी खेती को अपनाने का आह्वान किया गया। अफसरों का तर्क दिया कि काला धान की खेती करने वाले किसानों को फसल की अच्छी कीमत मिलेगी। इन्हीं उम्मीदों व आकांक्षाओं के साथ किसानों ने जोरशोर से पूरे उत्साह के साथ काला धान की खेती किया।

### भारतीय राजनीति के चेतना सम्पन्न कवि थे बाबा नागार्जुन : रंजू यादव

**गाजीपुर।** पीजी कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबन्ध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी में भाषा संकाय के हिंदी विषय की शोधार्थिनी रंजू यादव ने अपने शोध शीर्षक ₹प्रगतिवाद के परिप्रेक्ष्य में नागार्जुन का कथा साहित्य₹ नामक विषय पर शोध प्रबंध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि बाबा नागार्जुन प्रगतिवाद के प्रमुख हस्ताक्षरों में से एक हैं। उनका रचनात्मक संसार अत्यंत विपुल और विराट है। युगधारा, सतरंगें पंखों वाली, प्यासी पथराई आंखें, तालाब की मछलियां, हजार-हजार बॉहों वाली, भस्मांकुर, रतिनाथ की चाची, बलचनमा, नयी पौध, बाबा बटेसरनाथ, वरुण के बेटे, चित्रा, पत्रहीन नग्न गाछ, पका है कटहल, आदि उनकी प्रमुख रचनायें है। बाबा नागार्जुन जीवन भर शोषण, अत्याचार के खिलाफ अपनी साहित्यिक लड़ाई लड़ते रहे बलचनमा, बाबा बटेसरनाथ वरुण के बेटे,रतिनाथ की चाची इनकी कालजयी औपन्यासिक कृतियाँ हैं। हरिजन गाथा नागर्जुन की कालजयी रचनाओं में से एक है, यह सवर्णो द्वारा दलितों के खिलाफ शोषण और अत्याचार के खिलाफ प्रामाणिक दस्तावेज है।

### ज्ञापन सौंप कर भाजपा सरकार के कार्य प्रणाली पर उठाए सवाल



**चंदौली।** जिले के कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम निखिल टीकाराम फुंडे से मुलाकात किया। लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपने के साथ ही भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। कहा कि निष्पक्ष ढंग से पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों का भाजपा सरकार में जांच के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है, जो कि स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में स्थापित निष्पक्ष पत्रकारों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। क्योकि केंद्र की मोदी सरकार किसी भी स्थिति में अपनी बुराई सुनने को तैयार नहीं है। इसी का परिणाम है कि यदि मीडिया के द्वारा केन्द्र सरकार की नाकामियों की ओर आम जनमानस का ध्यान खींचा जाता है तो जांच ऐजेंसियों के माध्यम से उन्हे अनायास परेशान किया जाता है।